हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 17 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री



16 पाटन में मांस विक्रय करने वालों से वसूला गया जुर्माना



17 शान से लहराया तिरंगा, विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर का किया मंचन










## खबर संक्षेप

### भिलाई-3 में सटोरिया से 45 हजार रुपए जब्त



**भिलाई।** सटोरिया को पुलिस ने नगदी रकम के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में भिलाई तीन पुलिस ने कार्रवाई किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नूतन चौक भिलाई 3 निवासी राहुल चौरसिया हार जीत का दांव लगा रहा है। पुलिस ने तुरंत टीम लेकर दबिश देने पहुंची। जहां राहुल सट्टा खिला रहा था। उसे पकड़ कर 45 हजार रुपए और 20 नग सट्टा पट्टी, नीले स्याही का डाट पेन जब्त किया।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवनाथ नदी रोड पंचवटी भवन के सामने अवैध शराब बेचते हुए तकिया पारा दुर्ग निवासी शेख रहमान को पकड़ा गया। उसके पास से कुल 5.4 बल्क लीटर शराब 3 हजार रुपए का जब्त किया गया।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करन वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश दिया। पूछताछ में आरोपी युवकों ने अपना नाम ग्राम चाका मुंडीचर प्रयागराज यूपी निवासी मोहित जायसवाल, डब्ल्यू बंसकार को पकड़ा गया। आरोपी युवक गांजा को उड़िसा से खरीद कर बस से दुर्ग पहुंचे। दुर्ग से ट्रेन पकड़कर वापस प्रयागराज जाने की तैयारी में थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने 21.260 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। जिसकी कीमत 2. 10 लाख रुपए आंकी गई है। उक्त आरोपियों से पूछताछ करने के बाद अहम जानकारी मिली। पुलिस इसे लेकर जांच में जुट गई। इस दौरान पुलिस ने यूपी निवासी संदीप कुमार सिंह पटेल पकड़ा गया। उसने पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### नेहरु नगर चौक के पास की घटना, आरोपी ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार

# तेज रफ्तार बाइक सवार सामने चल रहे ट्रक में जा घुसे, मौके पर ही दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई





सड़क हादसे में महिला और पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर रात की है। घटना नेहरु नगर चौक के पास हुई। सुपेला पुलिस ने बताया कि सेक्टर-6 निवासी हीरालाल वर्मा (39 वर्ष), रूमान परवीन (35 वर्ष) दोनों बाइक से सुपेला की ओर आ रहे थे। इस दौरान नेहरू नगर चौक पर सिग्नल पार करने के बाद उनकी बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक एमएच 4 सीडी 1692 से टकरा गई। टक्कर इतना जोरदार था कि दोनों की मौके पर मौत हो गई। खबर लगते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा। हादसे के बाद से ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस चौक में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है। शुरुआती जांच में बाइक की रफ्तार तेज होना बताया जा रहा है, लेकिन जांच के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था। हीरालाल के परिवार कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी में रहते हैं। मृतक का छोटा टीवी रिपेयरिंग की शॉप है। घटना के बाद कुछ समय के लिए ट्रैफिक बाधित रहा। परिजनों को घटना की जानकारी लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध कायम कर ट्रक को जब्त किया है।

#### हादसों में कंट्रोल नहीं, सुरक्षा की अनदेखी बड़ा कारण

नेशनल हाइवे में लगातार हादसो का कहर जारी है। हादसों को रोकने लगातार ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल करने का प्रयास कर रही है लेकिन हादसों में बढोत्तरी हो रही है। ट्रैफिक टावर के सामने नेहरु नगर में बड़ा हादसा हुआ। सड़क पर लगातार जाम की स्थिति बने रहने से बाइक सवारो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात को सड़क पर मवेशी भी बैठे रहते है हादसा इसके कारण भी होता है। महिला पुरुष के मौत मामले में बाइक की तेज रफ्तार से हादसा होने की जानकारी मिली है।

#### घटना के बाद लगा रहा घंटों का जाम

घटना के बाद सड़क के दोनों तरफ ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी। घंटेभर की मशक्कत के बाद ट्रैफिक पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि दोनों मृतक एक ही बाइक में सवार थे। वे नेहरूनगर बाइपास की तरफ आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान सामने चल रहे ट्रक से टकरा गए। पुलिस ने बताया कि बाइक की स्पीड बहुत अधिक थी। इस वजह से चालक उसे नियंत्रित नहीं कर पाया। उसने बाइक सीधे ट्रक में घुसा दी। इसके बाद वह ट्रक के चक्के के चपेट में आ गया। मौके पर हीरालाल की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठी रूमान परवीन छिटक गई। उसे सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे अचेत अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

#### सिर में हेलमेट नहीं होने से हुई बड़ा हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बाइक चालक ने हेलमेट नहीं लगाया था। हादसे के बाद उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। यही मौत की वजह बनी। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी चालक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से चालक के बारे में पतासाजी कर रही है। साथ ही हादसे की मुख्य वजह तलाश रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

## मचांदुर कांग्रेसी सरपंच दिलीप कुमार साहू 6 साल के लिए चुनाव से निष्कासित



**उतई।** छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्प को मजबूती देते हुए, दुर्ग जिला कलेक्टर न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इस फैसले में ग्राम पंचायत मचान्दुर के कांग्रेसी पूर्व सरपंच दिलीप कुमार साहू को 6 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया है। यह वही मामला है जिसमें मनरेगा योजना में हुए वित्तीय घोटाले का आरोप तत्कालीन सरकार के संरक्षण में होने की बात सामने आई थी।यह आदेश अपीलार्थी बिरेंद्र कुमार साहू व अन्य द्वारा दायर अपील पर पारित हुआ। अपील में आरोप था कि सरपंच के कार्यकाल में मनरेगा योजना में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं हुईं, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के कारण कड़ी कार्रवाई से बचता रहा।मामला पहले अनुविभागीय अधिकारी (SDO) दुर्ग के 18 मई 2023 और 18 जनवरी 2024 के आदेशों से जुड़ा था। SDO ने 18 मई 2023 को आदेश दिया था कि ₹10,393.66 की वसूली योग्य राशि जमा कराने के बाद प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया लेकिन अपीलकर्ताओं का कहना था कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत सरपंच को पद से हटाने का स्पष्ट आधार होते हुए भी कार्रवाई नहीं की गई।फिर भी न्याय की गुहार जारी रहा और अंततः जिला कलेक्टर न्यायालय ने अपीलकर्ताओं के पक्ष में निर्णय देते हुए कहा कि सरपंच ने वित्तीय अनियमितता स्वीकार कर राशि जमा की थी, जो धारा 40 के तहत कदाचरण का स्पष्ट मामला है।

अधीनस्थ न्यायालय को पूर्व में ही राशि जमा कराने के साथ ही साथ पद से हटाना चाहिए था जिसे राजनीतिक संरक्षण के चलते राशि जमाकर बक्श दिया गया था जिसे माननीय दुर्ग कलेक्टर ने निष्पक्ष फैसला देते हुए कांग्रेसी पूर्व सरपंच दिलीप साहू को 6 वर्षों के लिए निर्वाचन लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया।भाजपा नेताओं का कहना है कि यह निर्णय मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन की नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है, और भ्रष्टाचार के मामलों में अब किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होगा।

## सीएम विष्णुदेव साय कल भिलाई में, 261.81 करोड़ के कामों का करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 18 अगस्त को भिलाई के प्रवास पर रहेंगे। वे शहर में 261.81 करोड़ के 119 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे।इसमें 70 कार्यों की 24850 लाख की लागत से होने वाले कामों का लोकार्पण करेंगे। 49 कार्य 1931 .19 लाख की लागत का भूमिपूजन करेंगे। निगम के जोन 1 नेहरूनगर में 648.66 लाख रुपए, जोन 2 वैशालीनगर में 305.75 लाख रुपए, जोन 3 मदरटेरेसा नगर में 101.50 लाख रुपए व जोन 5 में 149.99 लाख रुपए के विकास कार्य लोकार्पित करेंगे। परियोजना शाखा के तहत 725.29 लाख रुपए से विकास कार्य किए जाएंगे। भूमिपूजन जोन 1 नेहरूनगर में 22885.99 लाख रुपए से, जोन 2 वैशालीनगर में 991.96 लाख रुपए से, जोन 3 मदरटेरेसा नगर में 980.12 लाख रुपए से , जोन 4 शिवाजीनगर में 227.34 लाख रुपए से और जोन 5 सेक्टर 6 के अंतर्गत 66.24 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। परियोजना शाखा के अंतर्गत 128/1.74 लाख रुपए से विकास कार्य का भूमिपूजन होना है। उद्यान विभाग के अंतर्गत 60 लाख व अमृत मिशन फेस 2 .0 में 18957 लाख रुपए के कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके बाद बीजेपी कार्यालय का भी लोकार्पण करेंगे।

## बच्चे का अपहरण कर बिहार में बेचा, चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- महिला थाने में हुई थी शिकायत जांच के लिए बनाई गई थी दो टीम

नौ माह के बच्चे की तस्करी मामले में पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि घटना 20 जून 2025 की है। पीड़िता की रिश्तेदार संगनी बाई और संतोष पाल ने उसे फोन कर बुलाया। पीड़िता करीब 9 माह के बेटे के साथ दुर्ग से कोरगांव (जिला कोण्डागांव) होते हुए पटना पहुंची। आरोपी उसे किराए के मकान में रुके थे। 8 जुलाई को वापस भेजने के बहाने उसे आरा रेलवे स्टेशन ले गए। दानापुर स्टेशन पर खाना लाने के बहाने आरोपियों ने बच्चे को उसकी गोद से छीन लिया और फरार हो गए। बच्चे की अपहरण के बाद पीड़िता दुर्ग लौटकर महिला थाना सेक्टर 6 पहुंची। जहां पुलिस ने 25 जुलाई को अपराध कायम कर जांच में लिया। इसके लिए पुलिस ने दो टीमें बनाईं। एक टीम ने संगनी बाई को कोरगांव से पकड़ा। दूसरी टीम बिहार भेजी गई। पुलिस ने नालंदा, पटना, भदौर और तारतर से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें संतोष पाल, प्रदीप कुमार, डॉ. बादल उर्फ मिथलेश, गौरी महतो शामिल हैं। बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया गया है। सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस जांच में पता चला कि कि बच्चे को आरोपियों ने 7 लाख रुपए में बेचा था। रकम में से संतोष पाल को 3 लाख, प्रदीप कुमार और डॉ. बादल उर्फ मिथलेश को 2-2 लाख मिले। इस सौदे में गौरी महतो भी शामिल थी।

## ट्रक हटाने को लेकर विवाद, पुलिस कर्मी पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया



ट्रैफिक पुलिस के एक जवान को ट्रक चालक ने रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि गुरुवार 14 अगस्त की रात 10.30 बजे हाईवे ढाबा के पास ड्यूटी पर तैनात सहायक उप निरीक्षक सुशील पांडे सड़क पर खडी ट्रक को हटाने को चालक से कहा। लेकिन चालक महेश बागड़े आक्रोशित होकर उप निरीक्षक पर हमला कर दिया।

घटना में गंभीर रुप से घायल सुशील पाण्डे को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद सुशील को एम्स रायपुर रेफर कर दिया गया। ओमप्रकाश की शिकायत पर कुम्हारी पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी महाराष्ट्र के गोंदिया निवासी है।

पुलिस की जांच में पता चला है कि विवाद गलत तरीके से खड़े ट्रक को हटाने को लेकर हुई थी। गौरतलब हो कि ट्रक चालको का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि पुलिस कर्मियों पर हमला कर रहे है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से जिले चौपट हो गई है।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301








### पहली खेप में 30 हजार टन हाई क्वालिटी के ग्रेड स्टील स्लैब विदेशों में भेजा जा रहा

# आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम, स्टील का रैक इंडोनेशिया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी ने आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम आगे बढ़ाए हैं। इसके लिए तैयार 30 हजार टन ग्रेड स्टील स्लैब के इंडोनेशिया भेजना शुरू किया गया। इसकी पहली खेप को कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ऑर्डर को व्यापार और वैश्विक दृष्टिकोण से काफी अहम माना जा रहा है। बीएसपी ने विश्व बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया है। आत्मनिर्भर भारत की ओर एक सशक्त कदम बढ़ाया है। बीएसपी ने स्टील मेल्टिंग शॉप–2 (एसएमएस–2) में निर्मित एक्सपोर्ट–ग्रेड स्टील स्लैब (एसएई1006 ग्रेड) की प्रथम रैक को भेजा है। इसकी विश्व बाजार में खासी डिमांड है।




#### एसबीएस यार्ड से रवाना हुआ इंडोनेशिया जाने वाला रैक

अधिकारियों ने बताया कि एसएमएस–2 के एसबीएस यार्ड से इस निर्यात के लिए प्रथम रैंक रवाना हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके अलावा मुख्य महाप्रबंधक सुशांत कुमार घोषाल, महाप्रबंधक टी. गोविंद सहित अन्य मौजूद थे। पहली खेप के निर्गमन अवसर पर 30,000 टन के उच्च–गुणवत्ता वाले स्टील स्लैब के निर्यात आदेश की शुरुआत है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किए गए हैं।

#### इंडोनेशिया में स्थापित होने वाले उद्योगों में होगा उपयोग

अधिकारियों ने बताया कि प्रथम रैक इंडोनेशिया भेजा जा रहा है, जहां इन स्लैब का उपयोग विभिन्न उद्योगों में उच्च स्तरीय अनुप्रयोगों में किया जाएगा। इस उपलब्धि के पीछे एसएमएस–2 के साथ–साथ संयंत्र के अन्य विभागों का महत्वपूर्ण योगदान है। संयंत्र के आरसीएल, पीपीसी, ब्लास्ट फर्नेस, इंस्ट्रूमेंटेशन और आरडीसीआईएस सहित कई विभागों का समन्वित योगदान रहा है। यह डिस्पैच, सेल की प्रमुख इकाई के रूप में, भिलाई इस्पात संयंत्र ने निरंतर वैष्विक बाज़ार की आवश्यकताओं को पूरा करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। एसएई1006 ग्रेड स्लैब के सफल निर्यात की शुरुआत से न केवल भिलाई इस्पात संयंत्र की पहचान एक विष्वसनीय अंतरराष्ट्रीय इस्पात आपूर्तिकर्ता के रूप में और मजबूत हुई है, बल्कि वैष्विक व्यापार में इसकी भागीदारी को भी नए आयाम प्राप्त होंगे। बताया गया है कि बीएसपी में तैयार स्टील का उपयोग इंडोनेशिया के उद्योगों की स्थापना में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### रक्षासूत्र बांध फल की टोकरी व तुलसी की भेंट

**भिलाई।** आशाराम आश्रम महिला उत्थान मंडल नंदिनी नगर के तत्वधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीमा सुरक्षा बल रिसाली भिलाई के जवानों को रक्षासूत्र बांधा गया एवं फल की टोकरी एवं तुलसी पौधा भी भेंट किया गया। उक्त जानकारी राधिका साहू महिला मंडल के द्वारा दी गई।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन 22 को


**दुर्ग।** मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने से नाराज छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठन के कर्मचारी 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में जिला पंचायत सभा कक्ष में बैठक हुई। फेडरेशन के जिला संयोजक विजय लहरे ने बताया कि प्रदर्शन में वन कर्मचारी संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, लिपिक संघ, शिक्षक फेडरेशन, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ, लघु वेतन कर्मचारी संघ जीएसटी कर्मचारी संघ सहित विभिन्न कर्मचारी संगठन से जुडे कर्मचारी दफतर बंद कर आंदोलन पर रहेंगे। उक्त बैठक मे जीआर चन्द्रा प्रांतीय पर्यवेक्षक, रोहित तिवारी प्रांतीय पर्यवेक्षक, अजीत दुबे प्रांताध्यक्ष वन कर्मचारी संघ, राजेश चटर्जी संभाग प्रभारी, हरी शर्मा, महासचिव अनुरूप साहू, जीएस टी कर्मचारी संघ प्रमुख प्रदीप चौहान, लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष मोतीराम खिलाडी, पेंशनर संघ प्रमुख आनंद मूर्ति झा की उपस्थिति में सर्व सम्मति से छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष दुर्ग के भानु प्रताप यादव को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन का जिला मीडिया प्रभारी घोषित किया गया।

### मनाई गई कामरेड शिबदास की स्मृति दिवस

**दुर्ग।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के संस्थापक महासचिव, आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी, मार्क्सवादी दार्शनिक और चिंतक कॉमरेड शिबदास घोष के 50 वें स्मृति दिवस के अवसर पर कैलाश नगर में जनसभा का आयोजन किया गया। सभा के मुख्य वक्ता केन्द्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड द्वरिकानाथ रथ ने बताया कि कॉमरेड शिबदास घोष आजादी आंदोलन की क्रांतिकारी संगठन अनुशासन समिति में 13 वर्ष की उम्र में शामिल हुए थे। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान वे जेल गए। शिबदास घोष ने सही क्रांतिकारी पार्टी के रूप में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) को स्थापित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कॉमरेड शिबदास घोष के सिद्धांतों व विचारों पर चलने की अपील की। अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड विश्वजीत हारोडे ने किया।

## निधन

### वी. रामचंद्र राव



**भिलाई।** पुरानी भिलाई वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी वी रामचंद्र राव का 13 अगस्त को हार्ट अटैक से निधन गया। वे ट्रांसपोर्टर वी रवि राव और वी श्रीनिवास राव के भाई थे।

# महान कवि, लेखक, राजनीति के अजात शत्रु थे अटल बिहारी : कौशिक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता, महान कवि, लेखक, राजनीति के अजातशत्रु, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर भाजपाजनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर, प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहे। भाजपा जनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारत रत्न, छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री जिनके प्रत्येक भाषण में कविताओं के माध्यम से जीवन का सार झलकता है अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक ऐसे भीष्म-पितामह माने जाते हैं जो आम जनता में लोकप्रिय और अजात शत्रु यानि उनका कोई भी दुश्मन नहीं था और विपक्ष भी उनका सम्मान करता था। वे जितने अच्छे राजनेता थे। उन्होंने 3 बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू, मंत्री आशीष निंमजे, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, कुलवंत सिंग सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यालय में मनाई गई वाजपेयी की पुण्यतिथि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी हुए शामिल

### कई ऐतिहासिक कार्य किए : ललित

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्री अटल प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किया जो आज भी हम सभी को याद है सबसे प्रमुख पोखरण परमाणु परीक्षण वैश्विक स्तर पर राजनीतिक दबाव के बावजूद अपनी दृढ इच्छा शक्ति के बदौलत उन्होंने परमाणु परीक्षण किया। कई देशों ने देश पर प्रतिबंध लगाए लेकिन दूरगामी परिणाम को लेकर देश हित में उन्होंने कई राजनीतिक कदम उठाए ऐसे उनके कई कार्य हैं जो हमें प्रेरणा प्रदान करते हैं।



### छग लगातार विकास के पथ पर

दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ और अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा की उसके बाद से छत्तीसगढ़ लगातार विकास के पथ कुछ वर्षों को छोड़कर लगातार अग्रसर है एक बार सदन में जब उनकी सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर एक वोट से गिर गई थी तो सरकार के सदस्यों ने कहा था कि एक वोट की खरीदी बिक्री की जा सकती है पर उन्होंने कहा था कि सरकार आएंगे जाएंगे सत्ता प्राप्त करने के लिए ऐसा कार्य मैं नहीं करूंगा।

## अव्यवस्था : खस्ता हाल दुर्ग निगम में सुनने वाला कोई नहीं, पब्लिक परेशान

# त्योहारी सीजन में आधे शहर की स्ट्रीट लाइटें बंद, ट्यूबलर पोल का भी नहीं हुआ मेंटेनेंस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

शहर सरकार की लचर व्यवस्था ने जनता को त्रस्त कर दिया है। पिछले लंबे समय से शहर के अधिकांश हिस्सों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। उन्हें शुरू रखने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। इसे लेकर वार्डवासियों, पार्षदों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। बता दें कि शहर की सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर महापौर अल्का बाघमार लगातार वार्डों का निरीक्षण कर रही हैं।

आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं, लेकिन व्यवस्था जस के तस है। न तो वार्डों से कचरा उठ पड़ रहा है। न ही अतिक्रमण पर अंकुश लग पाया है। धमधा नाका मार्ग पर अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। इधर त्योहारी सीजन में शहर के अधिकांश हिस्सों में स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाइट और यूनिपोल की लाइटें बंद होने से लोग परेशान हो रहे हैं। निदान 1100 में भी उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर के 60 वार्डों में 20 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइट लगे हैं। उनमें धमधा नाका मार्ग, जेल रोड, इंदिरा मार्केट सड़क, पुलगांव रोड, पोटिया मार्ग सहित अन्य मार्गों में स्ट्रीट लाइटें लगातार बंद है।

## पार्षदों द्वारा की जा रही शिकायत, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं



### शहर के इन क्षेत्रों में लगी एलईडी बंद, जानिए

हरिभूमि पड़ताल में खुलासा हुआ है कि शहर के लगभग सभी आउटर क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। जहां जल रही हैं, वहां गिनती की जल रही हैं। बघेरा, पंचशील नगर, नयापारा, शिवनाथ नदी मार्ग, गया नगर से उरला मार्ग, शनिचरी बाजार से गंजपारा मार्ग, उतई टैम्प स्टैंड से पोटिया मार्ग, पोटिया से बोरसी मार्ग, बोरसी क्षेत्र, जेल रोड, धमधा नाका मार्ग, कादम्बरी नगर, आदित्य नगर, जवाहर नगर, शक्तिनगर सहित अन्य जगहों पर एलईडी बंद है। इसके अलावा कुछ जगह पर हाईमास्ट भी बंद है। लगाए गए यूनिपोल मेंटेनेंस के अभाव में बंद पड़े हुए हैं।

### 7 साल पहले लगाई गई एलईडी खराब होने के बाद भी बदली नहीं जा रही

जानकारी के मुताबिक 7 साल पहले इन एलईडी को लगाया गया था। छत्तीसगढ़ शासन की एलईडी पथ प्रकाश योजना के अंतर्ग उस समय 18164 एलईडी लगाई गई। इसके बाद जरुरत के हिसाब से स्ट्रीट लाइट की संख्या में बढ़ोतरी की गई। हर वार्ड में 60 से 70 एलईडी बंद हैं, जिनके मेंटेनेंस के लिए वार्ड के पार्षद निगम के विद्युत विभाग के चक्कर काट रहे हैं। इन पार्षदों में कांग्रेस समर्थित वार्डों के पार्षद ज्यादा हैं। उनके द्वारा नियमित रूप से निगम के विद्युत विभाग के चक्कर लगाए जा रहे हैं। महापौर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

### 60 वार्डों में 5 करोड़ 26 लाख खर्च कर लगाई गई एलईडी, 10 करोड़ का भुगतान

ब्यूरो ऑफ एनर्जी फिशिएंसी द्वारा अक्षय ऊर्जा एजेंसी के माध्यम से शहर में एलईडी लगाई गई है। इस पर करीब 5 करोड़ 26 लाख 33 हजार 866 रुपए किया गया है। निगम क्षेत्र में एजेंसी ने 18164 एलईडी लगाए थे। इसके एवज में 7 साल बाद शासन स्तर पर एजेंसी को 10 करोड़ 64 लाख 76 हजार 38 रुपए जारी किया जाना है। इसमें इन 7 सालों में मेटनेंस व अन्य सभी कार्य शामिल हैं। लेकिन कंपनी इसे गंभीरता से नहीं ले रही। ईईएस नामक एजेंसी को काम दिया गया था। वर्तमान में मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

**मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने फेल है शहर सरकार**

“ वर्तमान शहर सरकार जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में ही फेल है। स्ट्रीट लाइट नहीं जल रहे हैं। शिकायत करने में अधिकारी नहीं सुनते। केवल खानापूर्ति की जा रही है। सफाई व्यवस्था पहले से बिगड़ी हुई है। केवल घूमघूम लोगों को भ्रमित करने की कोशिश शहर सरकार के जिम्मेदार कर रहे हैं।

-राजेश शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

# पाटन में मांस विक्रय करने वालों से वसूला गया जुर्माना



**पाटन।** शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में मांस-मटन का विक्रय करने वालों पर कार्रवाई की गई। पाटन में खुले में मांस का विक्रय करने वालों से जुर्माना वसूला गया। विश्व हिंदू परिषद ने इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। मौके पर जाकर कार्रवाई शुरू की। नगर पंचायत की टीम ढाबों एवं होटल में पहुंचे तो वहां पर बेधड़क मांस का विक्रय करते पाया गया। विश्व हिंदू परिषद के अवधेस सिंह ठाकुर ने कहा कि मास विक्रय बंद करने के निर्देश के बाद भी खुलेआम इसकी बिक्री की जा रही थी। शिकायत के बाद कार्रवाई की गई।

## कमरछठ पर सगरी पूजा कर महिलाओं ने मांगी संतान की लंबी आयु व सुख समृद्धि

**दुर्ग।** न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर में महिलाओं ने गुरुवार को अपनी संतान की लंबी आयु व उसकी सुख-समृद्धि की कामना को लेकर कमरछठ का व्रत रखा। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कमरछठ का व्रत रखा और पूजा की। यह त्योहार संतान की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए मनाया जाता है। कमरछठ जिसे हलषष्ठी या ललही छठ भी कहा जाता है। इस दिन, माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं और विशेष पूजा करती हैं। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा की हैं। इसके अलावा, एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर कलश स्थापित की और पूजा अर्चना कर कथा सुनाया गया। कमरछठ के दिन, पसहर चावल का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर उषा राजपूत, सरिता ठाकुर, श्वेता बक्शी,ज्योति कन्नौजे, पूनम सिंह, दीपिका बघेल, रितिका गौतम, प्रियंका सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



## स्कूल में अलंकरण समारोह

# छात्र परिषद का गठन, बैच लगाकर किया गया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

श्री महावीर जैन विद्यालय, शिक्षक नगर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को औपचारिक रूप से उनके पद और दायित्व सौंपे गए। यह समारोह स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर साइबर क्राईम डॉ. संकल्प राय, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और स्कूल प्रार्थना के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. संकल्प राय, ने छात्रों को उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं और नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैच और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी सदस्यों ने शपथ ली कि वे स्कूल के मूल्यों और नियमों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने नृत्य के माध्यम से नेतृत्व और एकता का संदेश दिया। समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## स्वच्छता संगम-2025 में निगम का हुआ सम्मान

# स्वच्छता दीदियों का सम्मान हम सभी के लिए प्रेरणा : महापौर अल्का

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्वच्छता संगम-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के नगरीय निकायों की स्वच्छता टीमों और स्वच्छता दीदियों का उत्साहपूर्वक स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आयोजन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर के बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू, विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, दुर्ग महापौर अलका बाघमार सहित प्रदेश के विभिन्न नगर निगम व नगर पालिकाओं के महापौर, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वच्छता दीदियों का योगदान अमूल्य है। वे न केवल शहर को स्वच्छ रखती हैं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता और शहर की छवि को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों, विशेषकर दुर्ग नगर निगम की स्वच्छता टीम की सराहना की। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता दीदियों का पारंपरिक तरीके से पद-प्रक्षालन और सम्मान, स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 के विजेताओं की घोषणा व सम्मान, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ, जिसका उद्देश्य स्वच्छता व शहरी सौंदर्यीकरण में नवाचार को बढ़ावा देना, नगरीय निकायों में सुशासन, प्रशासनिक कौशल व नागरिक सहभागिता को मजबूत करना था।

## विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

# नशा मुक्ति अभियान : नशे के दुष्प्रभावों की दी गई जानकारी




**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में 13 अगस्त को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश के सभी जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना है। इस अभियान में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता प्रदान तथा सभी को शपथ दिलाई गई। अभियान का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि मिश्रा के मार्गदर्शन मे किया गया।

## महीने में दो बार होगी जोन-2 के सभी वार्डों में नालों की सफाई

# दुर्ग में नालों की सफाई के लिए बनी सफाई एक्सप्रेस टीम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

- महापौर और आयुक्त ने किया शुभारंभ

नगर निगम दुर्ग की सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जोन क्रमांक 2 में सफाई एक्सप्रेस टीम का शुभारंभ किया। इस टीम का गठन विशेष रूप से नालों की गहराई से सफाई और जलभराव की समस्या को रोकने के उद्देश्य से किया गया है। शुभारंभ अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने एक्सप्रेस टीम के 15 चयनित सफाई योद्धाओं को बारी-बारी से गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सफाई कर्मियों को निर्देश दिए कि शहर के नालों की सफाई में पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### टीम सभी वार्डों के नालों को महीने में दो बार करेगी सफाई

एक्सप्रेस टीम का मुख्य कार्य जोन क्रमांक 2 के सभी वार्डों के नालों की महीने में दो बार सफाई करना है। इससे नालों में गंदगी जमा नहीं होगी और बरसात में जल निकासी सुचारु रूप से हो सकेगी। टीम तेजी और कुशलता से कार्य करेगी, जिससे वार्डवासियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सफाई सेवाएं मिलेंगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा शहर की सफाई व्यवस्था में नालों का महत्व बहुत बड़ा है।

### टीम समय पर गुणवत्ता के साथ करेगी सफाई

बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या से बचने के लिए सफाई एक्सप्रेस टीम का गठन किया गया है। यह टीम समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ सफाई करेगी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि नालों की सफाई न सिर्फ नियमित हो, बल्कि उसमें गति और गुणवत्ता भी बनी रहे। एक्सप्रेस टीम विशेष रूप से इन दोनों पहलुओं पर काम करेगी। इस अवसर में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, निलेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र मिश्रा, शोएब अहमद सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

## दुर्ग जिले सहित प्रदेश में बढ़ रहे अपराध कार्रवाई के नाम पर हो रही सिर्फ खानापूर्ति

- प्रदेश की कानून व्यवस्था पर आप ने उठाए सवाल

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश और दुर्ग जिला की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर तीखा हमला किया है। आप पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल हो चुका है। हर दिन हो रही हत्याओं, चाकूबाजी, लूट से प्रदेश में आम जनता डरी हुई है। कल धमतरी में रायपुर के 3 युवकों की सरेआम दौड़ा दौड़ा कर चाकू मारकर हत्या हो गयी।

अपराधियों के हौसले बुलंद है क्योंकि पुलिस प्रशासन कमजोर हो चुकी है। कुम्हारी में अभी तीन दिन पहले चाकूबाजी हुईं लगभग हर रोज नशे की हालत में अपराध जैसे छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया हो नशे का कारोबार आम हो गया हैं जिले का आम आदमी डर के साय मे जीने को विवश हैं। पुरे प्रदेश और दुर्ग जिले मे आपराधिक घटनाये हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

सरकार और गृहमंत्री नींद में सोये हुए हैं। सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार है। उन्होंने कहा भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर पत्थरबाज़ी हो जाती है, तो आम जनता की हालत कैसी होगी? सुशासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है। आप के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि जनता मंत्रियों से इतनी नाराज है कई जगह मंत्रियों का जनता खुद सामने विरोध करने लगी है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं आर. पल्लवी उम्र ... वर्ष पिता आर.जे. राजू निवासी (पुराना पता) - क्वार्टर नम्बर-03-बी, सड़क-21, सेक्टर-10, भिलाई नगर तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 490006 यह शपथ करती हूँ कि मैने अपना पुराना नाम आर. पल्लवी पिता आर.जे. राजू को त्याग कर नया नाम पल्लवी आनंद पनांगीपल्ली पति आनंद कुमार पनांगीपल्ली रख ली हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम पल्लवी आनंद पनांगीपल्ली पति आनंद कुमार पनांगीपल्ली से ही जाना पहचाना जावे।

पल्लवी आनंद पनांगीपल्ली
पति आनंद कुमार पनांगीपल्ली
नया पता-हाउस नम्बर 10, रॉयल रेसिडेन्सी, पोटिया रोड, बोरसी, दुर्ग (छ.ग.)

## स्वतंत्रता दिवस समारोह : लहराया तिरंगा, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के परिजन सम्मानित, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# शान से लहराया तिरंगा, विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर का किया मंचन

जिला मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया ध्वजारोहण, जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम





प्रभारी मंत्री ने ली परेड की सलामी



स्कूली बच्चों ने पारंपरिक नृत्यों की दी प्रस्तुति



दुर्ग। 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोह प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम प्रथम बटालियन में आयोजित किया गया, जहां स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम दिये संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की अत्यंत मनमोहक और आकर्षक प्रस्तुति दी गई। उत्साह व उमंग के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाये गये। शारदा विद्यालय रिसाली, सेजेस रिसाली, आदर्श स्कूल, सेजेस जंजगिरी, विज्ञान विकास केन्द्र दुर्ग और शासकीय कन्या विद्यालय वैशालीनगर के विद्यार्थियों ने सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। अंचल में भी स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों व पंचायतों में विभिन्न आयोजनों के साथ प्रभात रैली भी निकाली गई। नाटक के माध्यम से बच्चों ने देशभक्ति की प्रस्तुति दी।

## डीपीएस दुर्ग के विद्यार्थियों के ऑपरेशन सिंदूर नृत्य ने बटोरी वाहवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। विद्यालय परिसर में प्राचार्य ने ध्वजारोहण किया गया। सभी ने राष्ट्रगान गाया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत गीत के द्वारा हुआ। शाला प्रमुख छात्र प्रज्वल वर्मा एवं छात्र अश्विका शर्मा द्वारा स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में जहां एक ओर मानसी सिंह की अंग्रेजी कविता ने सभी का मनमोह लिया वहीं,विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कवि गोष्ठी भी आकर्षण का केंद्र रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत में प्रस्तुत ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नृत्य ने सभी को प्रभावित किया। विद्यालय के प्राचार्य यशपाल शर्मा ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने नए भारत का अर्थ है युवा पीढ़ी का देश के विकास में योगदान। संचालन शरण्या गुप्ता एवं अयान त्रिपाठी द्वारा किया गया। सीनियर मास्टर आरसी द्विवेदी, अकादमिक समन्वयक, हाउस वार्डन और गतिविधि प्रभारी उपस्थित थे।

## बीएसपी में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने किया ध्वजारोहण



भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेनगेट परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य ध्वजारोहण समारोह में सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने ध्वजारोहण किया। सीआईएसएफ के डीआईजी नागेंद्र नाथ त्रिपाठी उपस्थित थे। महापात्र ने कहा कि स्वतंत्र भारत की औद्योगिक प्रगति में भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमिका आधार स्तंभ रही है। उन्होंने चिनाब रेलवे ब्रिज आदि राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में भिलाई इस्पात संयंत्र के योगदानों का उल्लेख किया। भविष्य में हाट मेटल उत्पादन क्षमता 7.22 एमटीपीए से बढ़ाकर 10.5 एमटीपीए की जानकारी दी।डिजिटल ट्रांसफार्मेशन और एआई आधारित परियोजनाओं की जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भिलाई महिला समाज की पदाधिकारियों द्वारा सेक्टर–9 स्थित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र में ध्वजारोहण किया गया।

## अंडा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



अंडा। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के सभी पंचायत भवन में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सभी गांव में स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे सहित पंच उपस्थित थे।

## देव संस्कृति बाल संस्कार शाला में स्वतंत्रता दिवस



पाटन। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देव संस्कृति बाल संस्कार शाला पाटन में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सीताराम वर्मा का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर पाटन राज अध्यक्ष- लक्ष्मी नारायण पटेल,कार्यालय सचिव नरसिंह पटेल,महिला मोर्चा के अध्यक्ष हेमलता पटेल शाला के अध्यक्ष- सीताराम वर्मा, उपाध्यक्ष- मेहत्तर राम वर्मा,संरक्षक- डीआर पटेल,सचिव- मनहरण लाल देवांगन,कोषाध्यक्ष- एसआर वर्मा ,प्राचार्य- पुष्पलता सौंधिया आदि मौजूद थे।

## सुरपा स्कूल में प्रमोद ने किया ध्वजारोहण



जामगांव आर। महंत पोसुदास शासकीय हाईस्कूल सुरपा शाला विकास समिति अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार समिति सदस्य गण ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## निकाली गई तिरंगा रैली



सेलूद। चुनकटा में शक्ति केंद्र स्तरीय झंडा रैली निकाली गई। शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल, भोजराम यादव, राजू राजपूत, सोनू राय, रामलाल साहू, रोमनाथ साहू, काशीराम साहू, ओम प्रकाश यादव, टीकाराम देवांगन, सनत कुमार वर्मा, राजीव साहू आदि मौजूद थे।

## माटरा में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



भिलाई। ग्राम पंचायत माटरा में हाई स्कूल प्रांगण में मुख्य जनपद सदस्य राजेश साहू एवं सरपंच दयासरण साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ग्रामवासी मौजूद थे।

## शैलदेवी महाविद्यालय में ध्वजारोहण



भिलाई। शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## नालंदा स्कूल में प्रतिभावान सम्मानित



भिलाई। नालंदा इंग्लिश मीडिय स्कूल में ध्वजारोहण हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केसीए के सदस्य अध्यक्ष आर डेविड, महासचिव एस विन्सेंट, जिबिन रॉबी, टीटी श्रीकुमार, केएन अशरफ, पीएस प्रमोद सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वच्छता दीदीयों का सम्मान



भिलाई। नगर पालिक निगम रिसाली ने 79 वे स्वतंत्रता दिवस मनाया। मुख्य कार्यालय में प्रथम महापौर शशि सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। आयुक्त मोनिका वर्मा श्याम नगर स्थित पानी टंकी कार्यालय पहुंची और ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, एम आई सी ममता यादव, जमुना ठाकुर, सनीर साहू पार्षद माया यादव, डॉ सीमा साहू, चंद्र भान ठाकुर, धर्मेंद्र भगत, रेखा देवी, सरिता देवगन, विलास राव बोरकर आदि शामिल थे। ब्रांड एंबेसडर सोनाली चक्रवर्ती ने 50 स्वच्छता दीदी का सम्मान किया।

## जामगांव आर सोसायटी में ध्वजारोहण



जामगांव आर। सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी ग्रामीण जन सहित अधिकारी-कर्मचारी विजन स्कूल के विद्यार्थी स्टाफ उपस्थित रहे।

## शिवसेना कार्यालय में फहरा तिरंगा



भिलाई। शिव सेना कार्यालय कोसानाला में प्रदेश सचिव सुरेन्द्र यादव ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त केवल तिरंगा फहराने का दिन नहीं बल्कि हमारे उन सभी वीरों को याद दिलाने का दिन है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आज़ादी दिलाई। भिलाई प्रमुख राजू गुप्ता ने कहा कि सभी युवक देश हित में अपना जीवन समर्पित करें। नशे से दूर रहें। तिरंगे की शान में जीना और मरना ही हमारा धर्म है। इस अवसर पर राजेश घनघोर्कर, बलवीर सिंह, बीरेन्द्र कुमार प्रजापति, सुरेश वर्मा, शिव पूजन, हरि यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेसी पार्षदों ने किया ध्वजारोहण



दुर्ग। कांग्रेसी पार्षदों ने शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज का रोहण किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## भिलाई निगम ने प्रभात फेरी निकाला व झंडारोहण



भिलाई । भिलाई निगम में झंडारोहण महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने किया। सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा प्रभात फेरी सुपेला चौक से मुख्य कार्यालय झंडारोहण स्थल के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर सभापति गिरवर बंटी साहू, लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य व पार्षद मौजूद रहे।

## 79वां स्वतंत्रता दिवस एचएससीएल में देशभक्ति भाव से मनाया गया



भिलाई। एचएससीएल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। प्रबंधन की ओर से जोनल हेड शीथ कांति दास ने तिरंगे का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक राष्ट्रीय ध्वज पहुँचाकर जनभागीदारी को और मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सलाहकार तकनीकी वीके शाह, परामर्शदाता विधि एमके चव्हाण देशभक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

## देशभक्ति के रंगों से रंगा दरबार मोख़ली



सेलूद। भाजपा दरबार मोख़ली मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रकाश साहू,महामंत्री डॉ. सुरेश साहू,भागवत सिंहा , संयोजक मोगन सपहा, भास्कर वर्मा,आशीष बंछोर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता और तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना के साथ किया गया। ग्राम खर्रा में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने देशभर में चल रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर तिरंगा यात्रा को आम जनमानस में देशभक्ति का वातावरण पैदा कर तिरंगा यात्रा का शान बढ़ा दिया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



जामगांव आर।सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में स्वतंत्रता दिवस समारोह रंगारंग सांस्कृतिक युक्त मनाया गया। समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने ध्वजारोहण किया। गायन वादन विद्यालय परिवार समिति सदस्य डॉ. गुलाब साहू एवं उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू ने संभाला और विधार्थियों ने गायन में महती भूमिका निभाई। साहू समाज औरी के वरिष्ठ सोहन साहू और नगर साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कोमल साहू मंचासिन रहे। अतिथियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत प्रेरणा दाई विचार प्रगट रखे। संचालन सांस्कृतिक प्रभारी दिव्या चंद्राकर आभार व्यवस्थापक एके जैन किया। इस अवसर पर डॉ गुलाब साहू सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शैलेन्द्री मंडावी नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर मोहन साहू महेंद्र कुमार हीरालाल चंद्राकर बलराम देवांगन माहेश्वरी डामिन सिन्हा त्रिलोक यादव दीपक यादव प्रहलाद साहू मधुकर निर्मल कोमल साहू हरीश हिमांशु राधेश्याम राठी दयानंद साहू सत्यवान आदि उपस्थित रहे।

## चंदखुरी में राष्ट्रीय पर्व मनाया



अंडा। शासकीय प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल चंदखुरी में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगिता जितेन्द्र यादव उपसरपंच, संतोषी देवांगन अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, भूपेन्द्र साहू पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, जितेन्द्र यादव पूर्व उपसरपंच, गोलू देवांगन पंच राकेश गायकवाड़, बेला निषाद पूर्व प्रधान पाठक एवं शिक्षकों द्वारा ध्वजारोहण कर मनाया गया।



## नगर पंचायत पाटन कार्यालय में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

पाटन । नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले द्वारा नगर पंचायत कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले,उपाध्यक्ष निशा सोनी,सभापति केवल देवांगन,जितेन्द्र निर्मलकर, नेहा वर्मा,देवेन्द्र ठाकुर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, अन्नपूर्णा पटेल,संगीता धुरंधर, पुरुषोत्तम कश्यप,अनिता साहू,वीना ठाकुर,आभाष दुबे,मनोज कुर्रे,बीरेंद्र कौशिक,मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त वर्मा,उप अभियंता अर्जुन निर्मल,पूर्व अध्यक्ष कृष्णा भाले,भाजपा मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर,जगदीश मालपानी,योगेश सोनी आदि मौजूद थे।

## सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल



भिलाई। सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से अपने वीर सेनानियों को याद करते हुए अनेक प्रकार की प्रस्तुति दी।

## शकुंनतला वि. में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



भिलाई। शकुंतला विद्यालय में डायरेक्टर संजय ओझा ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शकुंतला विद्यालय नंबर 2 की माहि बंजारा एवं वर्षा वर्मा विद्यार्थी ने वीर रस की कविता प्रस्तुत कर सभा में राष्ट्रभक्ति का जोश भरा। नन्हें कलाकर ऑपरेशन सिंदूर थीम पर अपनी अभिव्यक्ति देते हुए शूफिया खुरैशी के अदम्य साहस और प्रतिशोध को दर्शाया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य विपिन कुमार, मैनेजर ममता ओझा सहित अन्य मौजूद थे।

## शारदा विद्यालय रिसाली



भिलाई। शारदा विद्यालय रिसाली में मुख्य अतिथि संजय ओझा डायरेक्टर शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने ध्वजारोहण किया। प्राचार्या सुतापा सरकार ने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर तो है ही, साथ ही धरती तो क्या अंतरिक्ष में भी अपना परचम लहरा रहा है। कार्यक्रम का समापन खेल कप्तान प्रगति ओझा द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन स्कूल मैनेजिंग कमेटी विपिन ओझा, विद्यालय मैनेजर ममता ओझा, उपप्राचार्य रूद्रकांत झा, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस श्रेष्टी राव, गतिविधि प्रभारी पूजा बब्बर, प्रतीक ओझा, वनिता तिवारी उपस्थित थे।

## मिडिल स्कूल जुनवानी



भिलाई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मातृशक्ति फाउंडेशन ने मिडिल स्कूल जुनवानी में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री बांटी। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. अलका दास, पूजा सलारिया, मंजू पाल, रेनू शर्मा, अंजू चंदनिया आदि उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के अंतर्गत दो प्रशिक्षित




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत सरकार के प्रमुख राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय लीड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर एक नई उपलब्धि अर्जित की है। यह प्रशिक्षण हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान गुड़गांव में आयोजित किया गया था। चयनित अधिकारियों में उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री यशवंत सिंह जौहरी एवं उप महाप्रबंधक (अटोमेशन एंड डिजिटलाईजेशन) श्रीमती नीरजा शर्मा शामिल हैं। राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन, जिसे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर 2020 में प्रारंभ किया गया, का उद्देश्य सरकारी कर्मियों की मानसिकता, दृष्टिकोण एवं कौशल को आधुनिक बनाना है, ताकि वे समर्पण और दक्षता के साथ देश एवं नागरिकों की सेवा कर सकें। इस मिशन के दोहरे लक्ष्य हैं सेवा भाव का विकास एवं अपने आंतरिक उद्देश्य की पुनः खोज, और राष्ट्रीय लक्ष्यों व हितधारकों, विशेषकर नागरिकों के प्रति सेवा को और सशक्त बनाना।

### सोमेश देवांगन को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी



विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में प्राध्यापक सोमेश कुमार देवांगन को डॉक्ट्रेट की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्होंने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. सिद्धार्था चौबे एवं यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ज्योति प्रकाश पात्रा के मार्गदर्शन में प्राप्त की। डॉ. देवांगन को उनकी इस उपलब्धि के लिए के लिए श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस के प्रमुख आईपी मिश्रा, जया अभिषेक मिश्रा, रुद्रांश मिश्रा, डॉ, पीबी देशमुख ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बारिश से ट्विनसिटी तरबतर, पाटन व धमधा में औसत से कम पानी गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुधवार की रात हुई बारिश ने ट्विनसिटी को तरबतर कर दिया। भिलाई व दुर्ग में 73.12 मिलीमीटर बारिश हुई है लेकिन गांवों में छीटें ही पड़े। कुछ गावों में थोड़ी देर तक बारिश भी हुई।

धमधा में महज 4.2 मिलीमीटर और पाटन में 10 मिलीमीटर बारिश ही हो पाई। वैसे औसतन बारिश दुर्ग जिले में 46.4 मिलीमीटर हुई। मौसम विभाग द्वारा बुधवार व गुरुवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई थी लेकिन दुर्ग जिले तक सिस्टम नहीं पहुंच पाया। पिछले दस दिनों से अच्छी बारिश नहीं होने की वजह से खेत सूखे हैं और दरारें तक आ गई है। फसल को पानी की सख्त जरूरत है। इसी तरह मौसम दगा देता रहा तो फसल मुरझाने लगेंगे और पैदावार बेहद प्रभावित हो सकती है।

### ग्रामीण क्षेत्र अच्छी बारिश के इंतजार में, अब तक खेती-किसानी प्रभावित

#### पिछले साल से औसत बारिश 10 मिलीमीटर से ज्यादा कम

दुर्ग जिले में बारिश की स्थिति पिछले साल की तुलना में कम हुई है। पिछले साल 14अगस्त 2024 तक 649.8 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी थी। इस साल अब तक 585.4 मिलीमीटर वर्षा ही हो पाई है। यानी औसत बारिश अब भी 10 मिलीमीटर कम हुई है। जिसकी वजह से खेती-किसानी पर असर पड़ने लगा है। किसान जलाशयों से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं। जलाशयों में भी जलभराव पिछले साल की अपेक्षा 40 प्रतिशत कम है।



#### वातावरण में उमस

मौसम के इस उतार-चढ़ाव की वजह से वातावरण भी गड़बड़ चल रहा है। धूप, बदली और हल्की बारिश ने उमसभरा वातावरण निर्मित कर दिया है। दुर्ग में गुरुवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा है।

#### अहिवारा में 48.2 मिली बारिश

दुर्ग जिले के अहिवारा में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। अहिवारा में 48.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। दुर्ग शहर में 46.4 और भिलाई शहर में 27.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। बोरी क्षेत्र में भी 35 मिलीमीटर बारिश हुई है। धमधा व पाटन क्षेत्र में कुछ देर के लिए ही वर्षा हुई। धमधा में 4.2 और पाटन में 10 मिलीमीटर की बारिश हुई।

## सरकारी स्कूलों की जांच में खुलासा : बाल नेत्र सुरक्षा योजना का ऐसा हाल

# सरकारी मिडिल स्कूलों के 3513 बच्चों की नजरें कमजोर, 2416 को नहीं मिले चश्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में सरकारी मिडिल स्कूलों के बच्चों के लिए चलाए जा रहे बाल नेत्र सुरक्षा योजना का बुरा हाल है। पिछले साल फंड के अभाव में पूरे मिडिल स्कूल के बच्चों की आखों की जांच पूरी नहीं हो पाई और न ही जिनकी नजरें कमजोर मिली उन्हे चश्मा वितरण किया जा सका। इस साल फंड आने के बाद फिर से बच्चों की आखों की जांच शुरू की गई है। दोनों की साल में अब तक 3513 बच्चों की नजरें कमजोर मिली है। जिसमें मार्च 2025 तक 2863 बच्चों की और जुलाई से अब तक 650 बच्चों में दृष्टिदोष पाई गई है। इनमें से 2416 बच्चों को चश्में तक नहीं मिल पाए हैं।

### मार्च से जुलाई 2025 तक कक्षा से छठवीं से आठवीं तक के बच्चों की जांच



#### जिले के स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से भी जांच में देरी

16 जून को स्कूल खुलते हैं। उसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने नेत्र सहायकों को भेजकर बच्चों की आखों की जांच करवाता रहा है। इस बार स्कूलों का युक्तियुक्तकरण भी किया गया जिसकी वजह से भी नेत्र जांच कार्य में एक महीने देरी हुई। हालांकि जिला शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले में पहले मिडिल स्कूलों की संख्या 336 थी और महज एक की मिडिल स्कूल मर्ज हुआ। इस तरह मिडिल स्कूलों की संख्या 335 ही है।

#### जिले के 272 मिडिल स्कूलों में अब भी होनी हैं जांच

जिला स्वास्थ्य विभाग को बाल नेत्र सुरक्षा योजना के तहत जिले के पूरे मिडिल स्कूल के बच्चों की आंखों की जांच करनी है। जिले में 335 सरकारी मिडिल स्कूल हैं। जिनमें से केवल 63 मिडिल स्कूल के बच्चों की आखों की जांच जुलाई से अब तक हो पाई है। यानी 272 मिडिल स्कूलों के बच्चों की जांच होना बाकी है। जिसमें दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के स्कूल शामिल रहेंगे।

#### बिना चश्में के पढ़ाई करने मजबूर कमजोर आंख वाले बच्चे

बाल नेत्र सुरक्षा योजना के तहत राज्य के निर्देश हैं कि जिन बच्चों में दृष्टिदोष पाए जाते हैं उन्हे निःशुल्क चश्मा वितरण भी करें। इसके लिए छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हर जिले में फंड जारी किए जाते हैं। पिछले साल यानी मार्च 2025 से अब तक जितने बच्चों में दृष्टिदोष मिले हैं। इनमें से 2416 बच्चों को चश्मे ही नहीं मिले हैं। यानी बिना चश्में के ये बच्चे पढ़ाई करने मजबूर हैं।

#### 10 प्रतिशत बच्चों में दृष्टिदोष

जिला नेत्र विभाग द्वारा मार्च 2025 और जुलाई से अब तक 50595 बच्चों की आंखों की जांच की गई है। मार्च 2025 तक 43595 और जुलाई से अब तक 7000 बच्चों की नेत्र जांच की गई। खास बात यह है कि जुलाई से अब तक 63 मिडिल स्कूल के बच्चों की आखें जांची गई है। जिसमें से 650 बच्चों की नजरें कमजोर मिली। यानी वर्तमान में हर मिडिल स्कूल के दस प्रतिशत बच्चों में दृष्टिदोष मिल रही है।

#### जल्द देंगे चश्में

पिछले साल राज्य से ही फंड रूका हुआ था इसलिए सभी दृष्टिदोष वाले बच्चों को हम निःशुल्क चश्में नहीं बांट पाए थे। जो बच्चे बचे हैं और वर्तमान जांच में जिनकी नजरें कमजोर मिल रही है उन्हे जल्द ही चश्में देंगे। सभी मिडिल स्कूलों के बच्चों के आखों की जांच होना है। शेड्यूल के हिसाब से नेत्र सहायकों को जांच के लिए भेज रहे हैं।

**-डॉ. संगीता भाटिया,** नोडल अधिकारी, बाल नेत्र सुरक्षा

## मेटल्स एंड मटेरियल्स क्विज में स्टूडेंट्स ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेटल्स भिलाई चैप्टर द्वारा "मेटल्स एंड मैटेरियल्स क्विज का आयोजन भिलाई निवास में हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक (कक्षा 11वीं एवं 12वीं) के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों की 36 चयनित टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तापस दासगुप्ता व विशिष्ट अतिथि पूर्व जीएम जैकब कुरियन थे। अध्यक्षता आईआईएम भिलाई चैप्टर के मानद सचिव केवी.शंकर ने की। शीर्ष 6 टीमों का चयन हुआ। संचालन क्विज मास्टर एसएसआरसी मूर्ति व सोम भारती ने किया। स्कोरिंग सुभाष चंद्र अग्रवाल व बीएन सुरेश ने की।

■ स्पर्धा के बाद शीर्ष 6 टीमों का हुआ चयन

केपीएस डुंडा (रायपुर) प्रथम स्थान प्राप्त किया, डीपीएस भिलाई की टीम द्वितीय रही। राजकुमार कॉलेज तृतीय रहा। विजेता टीमें आगे कलपक्कम राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेगी।मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। भिलाई चैप्टर के मानद अध्यक्ष एवं कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, सह-सचिव उदय भानु तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मेटलर्जिस्ट सी.श्रीनाथ ने किया।

## जामगांव आर के लोक निर्माण विभाग दफ्तर में नहीं हुआ ध्वजारोहण, लटका रहा ताला

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत जामगांव आर स्थित उप अभियंता कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के दिन ताला लटका रहा। कार्यालय में ध्वजारोहण भी नहीं किया गया। जबकि सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने सभी संस्थानों की बैठक लेकर ध्वजारोहण के निर्देश दिए थे। जामगांव आर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व सरपंच शैलेंद्री मंडावी, नागरिक सेवा सुरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर ने कहा कि यह बहुत गैर जिम्मेदाराना बात है। बता दें कि लोक निर्माण विभाग का एक नया विश्राम गृह बनकर भनसुली में तैयार हो गया।लेकिन उद्घाटन अब तक नहीं हो पाया है।



## आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर अंतर्गत जोन कार्यालय निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, भवन निर्माण एवं अवैध निर्माण का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया निरीक्षण।

■ सिलिंग में सीपेज का जल्द करें संधारण

निगम आयुक्त द्वारा जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। टंकी के नीचे बने कमरा में बारिश के पानी से दिवालों एवं सिलिंग में सीपेज आ रहा है, जिसका संधारण कराने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया गया। समीपस्थ सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर बंद पड़े पंप का संधारण हेतु निर्देशित किया गया। केयरटेकर से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा की। निगम आयुक्त द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में रोड साईड में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता रखते हुये कार्य करने निर्देशित किये। शासकीय जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग बनाकर कब्जा किया गया है और वहां बड़े वाहनों को खड़ा किया जा रहा है, जिसे हटाने सहायक राजस्व अधिकारी को कहा । पर्यावरण एवं धूलमुक्त शहर की संकल्पना हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में इस रोड को शामिल कराने प्रस्ताव भेजे जाने हेतु जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रिया करसे उपअभियंता चन्द्रकांत साहू, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीएसपी के शुभ बंधन समारोह में नवविवाहित जोड़ों का सम्मान



**भिलाई।** बहुउद्देशीय सभागार में शुभ बंधन एट च ऑफ स टी ल (इस्पाती स्पर्श) भेंट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने की। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक सपत्निक उपस्थित रहे। 12 नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट किए गए।

समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, राकेश कुमार व डां. रवींद्रनाथ एम उपस्थित थे। श्री महापात्र ने अपने संबोधन में मानव संसाधन विभाग की इस अभिनव पहल की प्रशंसा की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वचन प्रदान किया।

## भाजपा की विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा के पश्चात राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा दुर्ग जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में गौरव पथ में स्थित सतनामी आश्रम में कार्यक्रम आयोजित कर विभाजन विभीषिका के समय के दौर को याद किया गया। विभाजन के जनकों के कृत्यों की कड़ी आलोचना की गई।

■ 14 अगस्त को मनाया जाता है विभाजन स्मृति दिवस

मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक बजाज रहे। उनके साथ अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, कार्यक्रम के संयोजक अजय तिवारी, सदस्य अरुण सिंह ,गोपाल खत्री ,सीए श्रीचंद लेखवानी, सिंधी समाज के अध्यक्ष अटल गोदवानी उपस्थित रहे सतनामी आश्रम में कार्यक्रम के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा दुर्ग शहर के रानी लक्ष्मीबाई चौक से मौन जुलूस के रूप में पैदल मार्च करते हुए कसारीडीह ,साई मंदिर से होते हुए सिविल लाइन के सामने से सतनामी आश्रम पहुंची। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भारत शताब्दियों से जकड़ी हुई परतंत्रता की बेड़ियां 1947 में एक लंबे स्वतंत्रता संग्राम के बाद टूट गईं । देश जन-जन की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बढ़ चला, लेकिन देश को स्वतंत्रता के साथ ही साथ विभाजन की विभीषिका भी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अगस्त के दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, अजय तिवारी, दिलीप साहू, विनायक नातू, राजेंद्र पाध्ये, अरविंदर खुराना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।




## भिलाई निगम ने शुरू की स्वच्छ वार्ड, स्कूल व कॉलेज को पुरस्कृत करने की पहल

# वैशालीनगर वार्ड 20 और स्कूल-कॉलेज को मिला पहला रिवाल्विंग अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर का पहला रिवाल्विंग अवार्ड वैशालीनगर वार्ड क्रमांक 20 को मिला है। शंकुतला विद्यालय और रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज को भी रिवाल्विंग अवार्ड से नवाजा गया। ये तीनों अवार्ड पहली बार भिलाई निगम ने दिया है। महापौर नीरज पाल ने आगामी 1 वर्ष हेतु मूल्यांकन पश्चात स्वछतम वार्ड को अपने महापौर निधि से विकास कार्य हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की । रिवाल्विंग ट्रॉफी भिलाई शहर के श्रेष्ठ वार्ड, श्रेष्ठ स्कूल, श्रेष्ठ कॉलेज को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। महापौर पाल , आयुक्त राजीव पांडेय ने ये अवार्ड प्रदान किए।

■ स्वच्छता के क्षेत्र में दिया जाता है विल्विंग अवार्ड

#### इन वार्डों को मिला पुरस्कार

सबसे स्वच्छतम वार्ड में वैशाली नगर वार्ड 20 को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नेहरू नगर वार्ड 17 को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। सेक्टर 8 वार्ड क्रमांक 68 को तृतीय पुरस्कार दिया गया है।

#### स्वच्छ विद्यालय पुरस्कृत

स्वच्छ विद्यालयों में प्रथम स्थान शकुंतला विद्यालय को प्राप्त हुआ है। द्वितीय पुरस्कार भिलाई नायर समाज स्कूल को प्राप्त हुआ है। तृतीय पुरस्कार कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर को प्राप्त हुआ है ।



#### प्रत्येक दो महीने में ट्रॉफी

यह प्रतियोगिता प्रत्येक दो माह में आयोजित की जाएगी। रिवाल्विंग ट्रॉफी प्रत्येक दो माह में अलग-अलग विजेताओं को दिया जाएगा। ऐसे में यह ट्रॉफी प्रत्येक दो माह में एक से दूसरे विजेता के पास जाती रहेगी। इसी कड़ी में प्रथम चरण में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रैंक वाले स्वच्छ वार्ड स्कूल एवं कॉलेज के विजेताओं की घोषणा की गई है। उन्हें रिवाल्विंग ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है ।

#### स्वच्छ महाविद्यालय को भी किया सम्मानित

स्वच्छ महाविद्यालय में रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एमपी क्रिश्चियन कॉलेज को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। शंकराचार्य नर्सिंग महाविद्यालय आमदीनगर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इन सभी वार्ड, स्कूल एवं कॉलेज से निरंतर ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करने की अपेक्षा की गई है।

#### निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी सम्मानित

निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियो को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कार्यपालन अभियंता आर के राजपूत, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, देवेंद्र कुमार वर्मा, रोहित बंजारे, चौधरी महानंद, टिकेश्वर, आशीष जॉन्सन, त्रिलोक चंद एवं मोर संगवारी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



02



आनंद मधुकर में त्याग, तपस्या और जप अनुष्ठान का दौर जारी


● नंद घर आनंद भयो जय हो नंद लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

# कृष्ण भक्ति में डूबी ट्विनसिटी...वासुदेव टोकरे में कान्हा को लेकर पहुंचे गोकुल, रात 2 बजे तक उत्सव

भादौ मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कृष्ण जन्मोत्सव दुर्ग भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रात ठीक 12 बजे मंदिरों, घरों और आयोजन स्थलों में भगवान का जन्म हुआ। विधिवत आरती और पूजन कर सोहर गीत गाए गए और वासुदेव कान्हा को टोकरे में लेकर गोकुल पहुंचे। तब नंद घर आनंद भयो जय हो नंद लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की,,,,,लगातार मंदिर में गूंजते रहा। जिसके बाद धनिया की पंजीरी और माखन का प्रसाद वितरित किया गया।

## सोहर गीत गाकर दी बधाई, धनिये की पंजीरी और माखन का बांटा प्रसाद

भादौ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के अवसर पर ब्रजमंडल भिलाई सेक्टर 6 राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव का मुख्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं. सरजू प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में सुबह यजमानों द्वारा भगवान बालकृष्ण स्वरुप लड्डू गोपाल का महाभिषेक दूध, दही, शहद, घी, गंगाजल, सुगंधित तेल,जल, इत्र, पुष्प,फलों के रस, माखन, मिश्री और मिष्ठान्न द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीमद भगवदगीता और गोविंद दामोदर स्त्रोत का सस्वर पाठ पंडित सुनील द्विवेदी के नेतृत्व में संस्कृत के विद्वानों सहित पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा, पंडित केशव प्रसाद शर्मा, गिरीश गुप्ता, विनय गुप्ता की भगवद्गीता पाठक मंडली सहित उपस्थित भक्तों द्वारा किया गया। भावना तोमर परिवार ने सामुहिक रूप से भगवद्गीता की आरती कर प्रसाद वितरण किया। इसके बाद राधा कृष्ण की मनोहारी झांकी महारास का अनावरण संजय जैन, आकाश जैन, सुरभि जैन और अनिल जैन परिवार ने किया। कार्यक्रम के अगले चरण में ब्रजमंडल सखियां महिला समिति के नेतृत्व में महिला भजन मंडली ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी।



## मथुरा-वृंदावन के कलाकार ने किया श्रृंगार, 5 लाख के फूलों से हुई सजावट

हरे कृष्ण मूवमेंट अक्षय पात्र सेक्टर 6 में पहली बार मथुरा-वृंदावन के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण का श्रृंगार किया। बांके बिहारी मंदिर की तर्ज पर मंदिर को 5 लाख रुपए के फूलों से सजाया गया था। मंदिर की सजावट के लिए मथुरा, कोलकाता, मदुराई मदुराई और नागपुर से विशेष फूल मंगाए गए थे। हरे कृष्ण मूवमेंट के अध्यक्ष व्योमपद दास के अनुसार, यह आयोजन भिलाई में लगातार 15वें वर्ष हो रहा है। पिछले साल 50 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे।

## कृष्ण जन्म यात्रा का लाइट एंड साउंड शो रहा आकर्षण...

शाम को आरती के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में मथुरा वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा पवन ब्रजवासी के नेतृत्व में मनमोहक लीलाओं की विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के बीच में वेणु नाग के निर्देशन में स्थानीय कलाकारों ने नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संचालन कृष्ण प्यासी ने किया। मध्य रात्रि से पूर्व भगवान कृष्ण के जन्म यात्रा पर आधारित लाइट एंड साउंड शो की विशेष प्रस्तुति दी गई। ठीक रात 12 बजे कृष्ण जन्म के बाद विशेष महाभिषेक और सामुहिक महाआरती कर सभी भक्तों को डॉ वार्ष्णेय परिवार दवरा प्रसाद वितरित किया गया।





## जन्माष्टमी पर हुआ नौका विहार

जन्माष्टमी के अवसर पर सुबह साढ़े 4 बजे से मंगल आरती शुरू हुई। दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होते रहे। रात 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक अगम अग्रवाल और उनके समूह द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। रात 10 बजे से जन्माष्टमी का विशेष महा अभिषेक पंडितो ने किया। मध्यरात्रि में महा आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## आज मनाया जाएगा नंद उत्सव

हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा 10 से 16 अगस्त तक सात दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें पेंटिंग, ड्राइंग, गीता श्लोक पाठ, शास्त्रीय नृत्य और संगीत प्रतियोगिताएं बड़े स्तर पर आयोजित की गई थी। भगवान के श्रृंगार के लिए विशेष पोशाक वृंदावन से मंगाया गया था। 17 अगस्त को नंद उत्सव भी बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।



## रामायण का पाठ

राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में चल रहे नवधा पारायण रामायण पाठ में शनिवार को भक्तों की संख्या बढ़ गई। आयोजन के दौरान हजारों भक्तों ने एक साथ बैठकर रामायण का पाठ किया। नवधा भक्ति, सुग्रीव मैत्री, बाली वध, सुंदरकांड रामेश्वर स्थापना, सेतु बंध का वर्णन करते हुए पंडितों दवरा श्रद्धालुओं को रामायण का पाठ कराया।



## महेश कॉलोनी में भक्ति में डूबे श्रद्धालु

दुर्ग के महेश कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। जहां शाम शुरू हुई संगीत संध्या देर रात तक चलती रही। इस बीच रास-गरबा का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्त झूमते नजर आए। शहर के प्रमुख मंदिरों में राधा-कृष्ण मंदिर सुभाष नगर, गोपाल मंदिर बैगापारा, कृष्ण मंदिर मठपारा, राम मंदिर गांधी चौक, अक्षय पात्र सेक्टर-6 भिलाई में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

## शाम के समय जगह-जगह दही-लूट, 17 अगस्त को भी कई जगहों पर दही-लूट का आयोजन

शाम के समय शहर के अलग-अलग हिस्सों में दही-लूट का आयोजन किया गया। हाथी-घोड़ा-पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे के बीच यदुवंशियों ने जगह-जगह शोभायात्रा निकाली। मुख्य रूप से भिलाई में वैशालीनगर, हाउसिंग बोर्ड, दशहरा मैदान सुपेला, रिसाली, मरोदा बस्ती, भिलाई-तीन, दुर्ग गोपाल मंदिर बैगापारा, चंडी मंदिर मठपारा, इंदिरा मार्केट, अग्रसेन चौक, पोलसाय पारा चौक, गांधी चौक, शनिचरी बाजार, गंजपारा सहित अन्य जगहों पर दही-लूट का आयोजन किया गया।

## जन्माष्टमी पर हुई मूर्ति स्थापना



भगवान कृष्ण यादव समाज के आराध्य हैं।...दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंगोरी में यादव समाज व ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित राधा कृष्ण मंदिर में मूर्ति स्थापना और कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा यादव समाज का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है समाज के लोग गौरवशाली परंपरा को आज भी संजोए हुए हैं उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण यादव समाज के आराध्य हैं। समाज द्वारा आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सुंदर शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। इस दौरान ग्राम सरपंच हीरामन देशमुख, पुनाराम देशमुख, आनंदराम देशमुख, हिंसा राम पारकर, शेषनारायण चंद्रवंशी, टीकाराम पारकर, हेमशंकर देशमुख, खोमेश्वर देशमुख सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लाइव इवेंट

## रेलवे के कारखानों में कबाड़ से जुगाड़ कर कलाकृतियां बनाने अशोक हुए सम्मानित



**भिलाई।** रेल्वे के व्यर्थ पड़े कबाड़ से बड़ी से बड़ी कलाकृतियाँ बनाने वाले दुर्ग रेल्वे के कलाकार अशोक देवांगन का उप मुख्यमंत्री ने किया सम्मान। दुर्ग पुलिस बटालियन ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रेल्वे कर्मी व मूर्तिकार अशोक देवांगन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

अशोक देवांगन विगत 15 वर्षों से रेल्वे के व्यर्थ पड़े कबाड़ से बड़ी से बड़ी कलाकृतियाँ बनाते आ रहे हैं, वे देश के विभिन्न रेल्वे के कारखानों में सैकड़ों कलाकृतियाँ बना चुके हैं, जिससे केवल दुर्ग जिले का ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है। उनकी बनाई गई कलाकृतियों को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नामांकित किया गया है। साथ ही आईटीआई कर रहे छात्रों को निःशुल्क प्रशिक्षण भी वे देते आ रहे हैं। रेल्वे में ऐक्ट अप्रेटीस कर रहे हज़ारों छात्रों को वे मूर्तिकला का प्रशिक्षण दे चुके हैं। उनके सम्मानित होने पर कलाकार डीएस विद्यार्थी, अंकुश देवांगन, मोहन बराल सहित सभी रेल्वे कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

### सिटी इवेंट

## पर्यावरण संरक्षण करने लिया संकल्प स्वतंत्रता दिवस पर किया पौधारोपण



**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करने के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री नीलकंठेश्वर चैतन्य सेवा समिति भिलाई के अंतर्गत ग्राम रुशिकुड्डा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड 30 की पार्षद डी. सुनीता देवी उपस्थित थी। ध्वजारोहण के बाद गणेश मंदिर, सड़क नंबर 34, जोन 2 खुर्सीपार, शिवालय मंदिर जोन -2, खुर्सीपार, कांची कामाक्षी मंदिर सेक्टर- 5, सेक्टर- 1 बीएसपी उद्यान और पॉवर हाउस के आसपास विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान डी. चिन्ना राव अध्यक्ष, के. जयप्रकाश जनरल सेक्रेटरी, यस जोगा राव उपाध्यक्ष, के.यदेश्वर राव कोषाध्यक्ष, के संतु राव संयुक्त सचिव, सीतारामय्या, मोहन राव, एस उमापति, सानुमख राव, भास्कर राव, दिल्लेश्वर राव, डिली राव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे। सभी ने पौधरोपण कर उसके संरक्षण की शपथ ली।

### सिटी इवेंट

## मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा मार्केट में प्रदर्शनी आज, लगेंगे स्टॉल






**दुर्ग।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट की दुर्ग जिला महिला इकाई ने मिलेट्स आधारित खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहन एवं बढ़ावा देने कदम बढ़ाया है। इसे लेकर आहार क्रांति मिशन अंतर्गत संगठन द्वारा रविवार को इंदिरा मार्केट स्थित राजधानी खादी ग्रामोद्योग में पॉजीटिव मिलेट्स पर निःशुल्क सेमिनार का आयोजन किया गया है। यह सेमिनार दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। सेमिनार में मिलेट्स एक्सपर्ट नीति बल्लेवार और डाइटिशियन डॉ. गूंजा पिंचा मुख्य वक्ता होगी। वे मिलेट्स को लेकर आजीविका और बाजार के अवसर, मिलेट्स आधारित रेसिपी, परम्परागत व आधुनिक उपयोग और पोषण विषय पर जानकारी देगी। यह सेमिनार कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन के नेतृत्व में आयोजित किया गया है।

उन्होने महिलाओं से सेमीनार में शामिल होने की अपील करते हुए कहा है कि स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हम अपने देश की पारंपरिक और पौष्टिक आहार पद्धतियों को अपनाएं। भारतीय संस्कृति में सदियों से जो स्वदेशी आहार हैं, वे न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी होते हैं। इस अभियान का उद्देश्य हमारे आहार में उन चीजों को शामिल करने के लिए प्रेरित करना है जो हमारे देश की जड़ों से जुड़ी हैं और जो हमारी सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

### देशभक्ति के जयघोष से गूंजा विवेकानंद सभागार, प्रदर्शनी का समापन

# नो प्लास्टिक से देश की सुरक्षा में बड़ा योगदान सुख-दुख में साथ खड़ा होना ही सच्ची देशभक्ति

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** विवेकानंद सभागार में केंद्रीय संचार ब्यूरो दुर्ग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा और विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का उत्साह के माहौल में समापन हुआ। पूरे तीन दिन तक आयोजन स्थल का परिसर भारत माता की जय और तिरंगा झंडा अमर रहे के नारों से गूंजता रहा। इस दौरा उपस्थित अतिथियों ने कहा कि पानी की बचत और स्वच्छता जैसे छोटे प्रयासों से भी देश की सुरक्षा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।



## एसएसपी ने साइबर क्राइम से बचाव को लेकर किया अवेयर

साथ ही आपसी सहयोग, विश्वास और सुख-दुख में साथ खड़ा होना ही सच्ची देशभक्ति है। समापन अवसर पर साइबर एक्सपर्ट डॉ. संकल्प राय ने साइबर सुरक्षा पर जागरूकता प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि पुलिस की मदद लेने में कभी हिचकिचाएं नहीं, किसी से भी ओटीपी साझा न करें, पासवर्ड मजबूत रखें और समय-समय पर बदलते रहें। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट और नए साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की विशेष हिदायत दी।पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा एक जिम्मेदार नागरिक बनकर ही हम देश और समाज की सच्ची सेवा कर सकते हैं। उन्होंने यातायात नियमों का पालन, विशेषकर हेलमेट पहनने की आदत को जीवनरक्षक बताया और बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## मंगल ग्रह के बजाए जीवन में ढूंढना चाहिए मंगल

मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्लास्टिक का कम उपयोग, पानी की बचत और स्वच्छता जैसे छोटे-छोटे प्रयास भी देश की सुरक्षा और विकास में बड़ा योगदान देते हैं। डॉ अजय ने कहा कि मंगल ग्रह पर जीवन ढूंढने से पहले हमें अपने जीवन में मंगल ढूंढना चाहिए। आपसी सहयोग, विश्वास और सुख-दुख में साथ खड़ा होना ही सच्ची देशभक्ति है। केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक सुदीप्त कर ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी का आंदोलन हमें अपने पूर्वजों के त्याग और बलिदान का सम्मान करना सिखाता है। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी न केवल छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों से परिचित कराया, बल्कि पूरे शहर में देशभक्ति का संचार भी किया। आयोजन के अंत में रंगोली, क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सूतापा, के.एस. दीवान सहित अन्य लोगो ने सक्रिय योगदान दिया।

## सिटी इवेंट

# स्पेशल बच्चों के साथ बांटी स्वतंत्रता दिवस की खुशियां




**भिलाई।** सामाजिक गतिविधि के अंतर्गत इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नयनदीप विद्या मंदिर में ब्लाइंड बच्चों के साथ भिलाई महिला महाविद्यालय की बीएड छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस की खुशियाँ बांटी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा समर्पण के अंतर्गत की जा रही सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि समर्पण के तहत आयोजित गतिविधियां समाज के लिए अनुकरणीय हैं, ऐसे आयोजन हमारी छात्राओं में समाज सेवा की भावना जागृत करते हैं। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जिससे बीएड प्रशिक्षुओं में सेवा-भाव जागृत होता है तथा साथ ही नैतिक मूल्यों का विकास होता है। महाविद्यालय की बीएड प्रशिक्षु ब्लाइंड स्कूल नयनदीप विद्या मंदिर जाकर वहाँ के दृष्टिबाधित बच्चों से मिलकर तथा उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर अत्यंत प्रभावित हुए। बच्चों को उनके दैनिक जीवन से संबंधित सामग्री फल और चॉकलेट आदि का वितरण किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापिका सत्यम मिश्रा सीमा, भव्या निषाद, निशि जैन, ख़ुशबू पटेल, लायबा, तनु कोसे, डॉ.हेमलता सिदार, डॉ.भावना चौहान, नाज़नीन बेग, आशा आर्य, काकोली सिंघा एवं रोमा टंडन उपस्थित रही।




## समाज लाइव

# संतान और पति के दीर्घायु की कामना कर किया पौधारोपण



**भिलाई।** दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के द्वारा वृहद वृक्षारोपण और ट्री गार्ड लगाने का आयोजन गोंडवाना भवन में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर उसे संरक्षित रखने ट्री गार्ड लगाया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के पारंपरिक त्योहार बहुला चतुर्थी के उपलक्ष्य में संतान और पति के दीर्घायु और उन्नति की कामना करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल नारायण शर्मा और अपर्णा चौबे ने किया। इस अवसर पर अपर्णा चौबे ने रोपित किये गए इन पौधों का संरक्षण करते हुए वृक्ष के रूप में परिवर्तित होते तक देखभाल करने की शपथ ली। संरक्षक सुमन पांडेय के साथ शैल किरण शुक्ला, तूलिका तिवारी, संध्या तिवारी ने पर्यावरण और प्रदूषण पर अपने विचार रखे। इस दौरान हरियाली क्वीन का पुरस्कार तुलिका तिवारी, सुमन शर्मा को दिया गया। इस दौरान रोचक गेम्स भी आयोजित किये गए। जिसमें प्रथम बिंदेश्वरी दुबे, द्वितीय मीना पांडेय, तृतीय सरोज मिश्रा विजेता रही। इस अवसर पर कमलेश तिवारी, मुकेश दीवान, सचिव प्रदीप पांडेय, मुकेश दीवान, गीतांजलि तिवारी, सोनू शर्मा, सोनाली शर्मा, योगिता शर्मा, सरोज, वंदना शर्मा, डाली दीवान, नरेंद्र दुबे, हिमांशु दुबे सहित समाज के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## धर्म इवेंट

# इको फ्रेंडली गणेश बनाने वर्कशॉप,मिट्टी के गणेश की अपने घरों में करेंगे पूजा



**भिलाई।** ट्विनसिटी में सभी धर्म व समाजों के सभी छोटे-बड़े तीज त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते है। जिसमें सबसे खास गणेश पूजा सभी घर, गली-मोहल्लों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त से शुरु होगा। जिसके लिए गणेश की प्रतिमाएं व पंडाल सजाएं जा रहे है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण विभाग द्वारा पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध लगाया है तो वहीं मिट्टी की प्रतिमाओं को ही बैठाने की अनुमति दी जाती है। विभिन्न समूहों दवरा मिट्टी की ईको फ्रेंडली प्रतिमाओं को बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बाजारों में भी मिट्टी की मूर्तियों के साथ कई स्थानों में गोबर से बने गणेश भी बिकने के आने वाले है।

### सुरता शहीद वीर नारायण सिंह और मिनीमाता सामाजिक समरसता सम्मेलन का आयोजन

# छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के प्रतीक हैं वीर नारायण और मिनीमाता भरथरी गाथा, गेड़ी, महिला पंथी और सुआ नृत्य में दिखी संस्कृति

**भिलाई।** पुरखा के सुरता जन कल्याण समिति मरोदा भिलाई और सामाजिक कार्यकर्ता भिलाई-3 अहिवारा के संयुक्त तत्वावधान में सुरता शहीद वीर नारायण सिंह और मिनीमाता सामाजिक समरसता सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मंगल भवन भिलाई-तीन में किया गया। छत्तीसगढ़ के पुरोधाओं पर केंद्रित इस आयोजन में अतिथियों ने शहीद वीर नारायण सिंह और मिनीमाता जैसे व्यक्तित्व को प्रदेश का स्वाभिमान बताया। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आये लोक कलाकारो ने गेड़ी नृत्य, महिला पंथी नृत्य, सुवानृत्य, भरथरी गाथा सहित लोक नृत्यों को प्रस्तुति दी।



### छत्तीसगढ़ के पुरोधा प्रदेश का स्वाभिमान

आयोजन के मुख्य अतिथि बीजेपी के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने छत्तीसगढ़ के पुरोधाओं पर केंद्रित आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ का स्वाभिमान अगर बना हुआ है तो वह शहीद वीर नारायण सिंह और ममतामई मां मिनीमाता जैसे व्यक्तित्वों की वजह से है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता को बचाने अपना बलिदान दिया और मिनीमाता ने छत्तीसगढ़ के वंचित और शोषित समुदाय की आवाज को संसद तक पहुंचाया। श्री साय ने इस मौके पर अहिवारा के विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर, पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, दुर्ग-भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, राष्ट्रपति सम्मानित गीता बंजारे और राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित घनश्याम सिंह ठाकुर ने भी शहीद वीर नारायण सिंह और प्रथम महिला सांसद मिनीमाता के कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्हें देश और दुनिया के लिए एक अनुकरणीय व्यक्तित्व बताया।

### दिया गया पुरोधा सम्मान

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजूलाल नेताम व संयोजक पद्मश्री राधेश्याम बारले ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों ने विशिष्ट व्यक्तित्वों को पुरोधा सम्मान प्रदान किए। इनमें शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान, मिनीमाता स्मृति सम्मान, बहादुर कलारिन स्मृति सम्मान और बिलासा बाई केवटिन स्मृति सम्मान से समाजसेवी, शिक्षाविद और कला जगत की 25 हस्तियों और प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पद्मश्री उषा बारले, प्रेम सागर चतुर्वेदी, पार्षद तुलसी ध्रुव, नटवर ताम्रकार, सतीश साहू, अश्विन डहरिया, सहदेव बंजारे, भोजराज बारले सहित बड़ी संख्या में कलाकार साहित्यकार, समाजसेवी और गणमान्य जन उपस्थित थे।



**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया:** आयोजन समिति के अध्यक्ष राजूलाल नेताम व कार्यक्रम के सयोजक पद्मश्री राधेश्याम बारले ने बताया कि सुबह शुरु हुए आयोजन में हरिकीर्तन कामता प्रसाद शरण कुडेरादादर छुरा गरियाबंद द्वारा मांदरी व गेड़ी नृत्य, जय गढ़यि बाबा आदिवासी मांदरी नृत्य सरईटोला नगरी जिला धमतरी द्वारा महिला पंथी नृत्य, सत्संग महिला पंथी दल खुर्सीपार सरोज बाला पाहित भिलाई द्वारा सुवानृत्य, सखी सहेली सुवानृत्य मंडली नेवई द्वारा भरथरी गाथा, हिमानी वासनिक राजनादगांव द्वारा महिला पंथी, माता सफुरा महिला पंथी दल शांता सोनवानी नेवई द्वारा और लोकमंच लोक धरोहर अहिवारा लीलाधर साहू की प्रस्तुति हुई। वहीं छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त लोक गायक, गायिकाओं में वरिष्ठ लोक गायिका कविता वासनिक, लोक गायक हिरेश सिन्हा व जितेश्वरी सिन्हा, लोक गायिका चम्पा निषाद, तुषान्त बारले, आरती बारले, जागेश्वरी मेश्राम, योगिता लहरी और प्रीति रात्रे डभरा की भी प्रस्तुति हुई। इन प्रस्तुतियों को अतिथियों के साथ-साथ दर्शकों ने भी खूब सराहा।

## आयोजन...

# संस्कृत में गाये जन्मदिन गीत ने बांधा समां, सुलेख और ग्रीटिंग कार्ड में विद्यार्थियों ने दिखाया अपना हुनर



**भिलाई।** तथास्तु.... वैसा ही हो जैसा आप चाहते हैं संस्कृत का यह आशीर्वचन केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के संस्कृत सप्ताह के दूसरे दिन विद्यार्थियों के उत्साह और रचनात्मकता के बीच कई बार गूंजा। अवसर था सुलेख प्रतियोगिता और संस्कृत में ग्रीटिंग कार्ड बनाने का, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर और भाषा प्रेम का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

### रचनात्मकता और संस्कृत का संगम

केंद्रीय विद्यालय में आयोजित सुलेख और ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ग्रीटिंग कार्ड बनाकर जान्या, तेजल, कोमल, सोनम, सृजन, स्वर्णिल, हर्षिता सिन्हा और याचिका ने प्राचार्य को संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दीं।इस दौरान कक्षा छठवीं की सोनम, हर्षिता सिन्हा, आराध्या, अनन्या और शर्लीना ने संस्कृत में सुमधुर जन्मदिन गीत प्रस्तुत किया, जिसने कार्यक्रम में उत्साह और मधुरता का रंग भर दिया।

### देशभक्ति से आरंभ हुआ दिन

कार्यक्रम की शुरुआत हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा रैली से हुई। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर डॉ. अजय आर्य और एनसीसी अधिकारी एम.के. भारद्वाज के साथ रैली को रवाना किया। नीता दास, डी.के. यादव, आशुतोष सिंह, पुरुषोत्तम साहू, एमके बोरकर, सुरेश कुमार सहित कई शिक्षक–कर्मचारी इस मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को तिरंगा ध्वज वितरित किया।

### संस्कृत का महत्व और ली प्रेरणा

प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा है, जिसमें वैदिक गणित, आयुर्वेद और विज्ञान की अनगिनत शाखाएं विद्यमान हैं। वरिष्ठ अध्यापिका पुष्पा बड़ा ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा यदि हम प्रतिदिन मात्र दो वाक्य संस्कृत में बोलना शुरू कर दें, तो हमारे पास संस्कृत का अपार ज्ञान भंडार स्वतः ही आ जाएगा। अंत में डॉ. अजय आर्य ने तथास्तु का अर्थ समझाते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में जिसे हम कठिन मानते हैं, वह कठिन हो जाता है और जिसे सरल मानते हैं, वह सरल बन जाता है। प्रसन्नता और लगन से सीखने पर कोई भी भाषा या विषय हमारे लिए फलदायी बन जाता है।

### चातुर्मास के दौरान अलग-अलग आयोजन

# आनंद मधुकर में त्याग, तपस्या और जप अनुष्ठान का दौर जारी



**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में चातुर्मास के दौरान त्याग, तपस्या, जप, अनुष्ठान का दौर जारी है। इस दौरान अनेक धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।

नवपद का जाप और 20 लोगों ने अठाई तप के संकल्प पूर्ण किया। पर्यूषण पर्व में अष्ट कर्म निर्जरा सिद्ध गुण तब आराधना प्रारंभ होगी इस तक में भी बड़ी संख्या में भाई बहन भाग ले रहे हैं। साध्वी श्री ने कहा कि करो तपस्या मिटे समस्या तप की शक्ति से आत्मा तत्काल पवित्र और परम पद की अनुभुति से जुड़ जाती है।अपनी श्रमण संघ परिवार ने इस तपस्वी का अभिनंदन तप की बोली के साथ किया। परिवार के सदस्यों ने तपस्या का संकल्प लेकर युक्ति का अभिनंदन किया। साथ ही वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रमण संघ एवं श्रमण संघ स्वध्याय मंडल ने अभिनंदन पत्र देकर तपस्वी का अभिनंदन किया।

इसके पूर्व कोपल कोटेचा ने भी छोटी उम्र में बड़ी तपस्या कर संघ समाज का मान बढ़ाया। रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में श्रवण संघ के वरिष्ठ सदस्यों की विशेष उपस्थिति में झंडा वंदन कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर साध्वी श्री का प्रेरक उद्बोधन हुआ।

## एबीयूएस की महिला विंग जिला अध्यक्ष बनी जयंती

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज की महिला विंग जिला अध्यक्ष जयंती महानंद और खुर्सीपार



अध्यक्ष किशोर मोंगराज होंगे। इस दौरान भिलाई जिला अध्यक्ष पुरनचंद्र नायक ने अपनी कार्यकारणी गठित किया है। जिसमें उपाध्यक्ष चितरु विभार, हेमंत बेहरा, दीपक सोना, धमरम हरपाल, चिंतामणी दीप, खिरधर बाग, महामंत्री टेकचंद सेठिया,आशीष नंदा, मंत्री उमेश दीप, आनंद विभार, मनोज दीप, मंटु , सुभाष जगत, जितेन्द्र सागर, दिलीप तांडी, मनोज दुर्गा, सोशल मीडिया प्रभारी रमेश सागर बनाया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में हेतुराम दीप, मोहन कुमार, अर्जुन नायक, रघुनाथ नायक, धनीराम, सुखलाल सोना, रमेश तांडी, ज्योति कुमार, राजेश्वर नाग को बनाया गया है।

### उमरपोटी में दो दिवसीय लोककला महोत्सव शुरू, उमड़ी भीड़

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और भक्ति उतर आई श्यामाश्यामधाम मंदिर उमरपोटी में



कार्नर न्यूज

भिलाई। श्यामाश्याम धाम मंदिर उमरपोटी में श्री कृष्ण प्रकाट्य उत्सव के अवसर पर शनिवार को दो दिवसीय लोककला महोत्सव की शुरूआत हुई। विभिन्न मानस मंडलियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परपंरा और भक्ति की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्यामाश्याम धाम वृंदावन जैसा लगने लगा। मौजूद हजारों श्रद्धालु श्री राधे-श्री राधे और सखी मैं वृद्धावन जाउंगी जैसे भजनों पर झूम उठे। शारदा मानस मंडली छुई खदान, श्री गंगा मानस मंडली बालोद और पूजा मानस मंडली महासमुंद के कलाकारों ने इस महोत्सव पर समा बांध दिया। ।



### पंडवानी में अर्जुन, भीम और श्री कृष्ण संवाद बताई

लोककला महोत्सव की शाम पंडवानी गायन की धूम रही। सुर सुरभि नानी नातिन मंडली गरियाबंद के द्वारा अर्जुन, भीम और श्रीकृष्ण से जुड़ी संवादों को अपनी बेहतरीन अंदाज में पेश किया । महाभारत के विभिन्न पात्रों के बीच युद्ध और संवादों को गायन और मंचन कर श्रोताओं में अपनी पहचान छोड़ी।

### आज भरथरी व कंस वध की झांकी

17 अगस्त को सुबह 10 से 11 बजे राग ऑन बैंड, भरथरी मनमोहनी लोक कला बालोद की प्रस्तुति सुबह 11 बजे से 12 बजे तक, गोपेश्वर मानस परिवार खरिहार रोड दोपहर 12 से 2 बजे तक, कामता प्रसाद महराज छुरा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक, जय संतोषी मां मानस परिवार भगवताचार्य अंजू शर्मा खैरागढ़ शाम 5 बजे से 7 बजे तक, वेद मानस मंडली मोहला मानपुर शाम 7 से रात 9 बजे तक, बाल समाज जस धमतरी व झांकी कंस वध गातापार बालोद रात 9 से 12 बजे तक प्रस्तुति देंगे। सभी कार्यक्रम लोककला दर्शन यूट्यूब पर लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है।

### श्रीकृष्ण अभिषेक व विशेष श्रृंगार हुआ



श्यामाश्याम धाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय लोककला महोत्सव की सुबह मंदिर में श्रीराधा कृष्ण का अभिषेक व विशेष श्रृंगार कार्यक्रम हुआ। पं. संतोष अवस्थी महराज द्वारा मंत्रोच्चार के बीच यह कार्यक्रम संपंन्न करवाया गया। इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक नंदकुमार कश्यप, अरुण कश्यप सहपरिवार शामिल हुए। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी अपने अपने घरों से लड्डू गोपाल को लेकर मंदिर पहुंची थी और इस अभिषेक में हिस्सा लिया। श्यामाश्याम धाम मंदिर से विराजी श्री राधा रानी और श्री कृष्ण के विशेष श्रृंगार वृंद्धावन से मंगवाए गए हैं। शाम को फिर आरती हुई। रात 12 बजे के पहले तक लोककला महोत्सव चलता रहा।

## ये भी जानें

### सोते वक्त करेंगी ये काम तो बढ़ती उम्र में भी स्किन बनी रहेगी जवां



आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में त्वचा का ख्याल रखना मुश्किल हो जाता है। इसके चलते बुढ़ापा भी जल्दी आने लगता है। ऐसे में सोने से पहले आप ये 5 उपाय करके खुद को जवां रख सकती हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी में हम इंस्टेंट मेकअप करके त्वचा को चमकदार और फ्रेश बना लेते हैं, लेकिन अंदर ही अंदर आपकी त्वचा की सेहत खराब होती रहती है। यही वजह है कि कुछ लोगों के चेहरे पर बढ़ती उम्र की निशानी जल्दी नजर आने लगती है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि आप कुछ आसान से उपाय करके त्वचा को बढ़ती उम्र में भी जवां और चमकदार बनाए रख सकती हैं। जी हां, आपको इसमें बहुत ज्यादा टाइम भी नहीं लगेगा, बस रात को सोते समय कुछ आसान से उपाय करके आप फर्क देख सकती हैं। इस बारे में डाइट एक्सपर्ट रामिता कौर ने जानकारी साझा की है।

स्किन को जवां कैसे बनाएं

सोने से पहले आप कैमोमाइल टी पिएं। यह चाय तनाव कम करने की खासियत रखती है। इसमें एक चुटकी दालचीनी पाउडर मिलाने से फायदे और बढ़ जाते हैं। इससे नींद की क्वालिटी में सुधार होता है, यह चाय स्किन की मरम्मत भी करती है।साथ ही कोर्टिसोल जिसे एजिंग हार्मोन कहा जाता है, उसके स्तर को कम करती है।

एक्सपर्ट बताती है कि रात को सोने से पहले सिर्फ 2 मिनट कुमकुमादि तेल से चेहरे की मालिश करने से जादू जैसा निखार आ सकता है। यह आयुर्वेदिक तेल कई प्राकृतिक जड़ी बूटियां से मिलकर बना होता है, जो त्वचा के लिए फायदेमंद है। अपनी रिंग फिंगर का इस्तेमाल करके आंखों के आसपास धीरे-धीरे थपथपाएं और गले को ऊपर की ओर स्ट्रेच करें। इससे कॉलेजन उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। फाइन लाइंस कम होता है।

एक्सपर्ट बताती है रात 9:00 के बाद स्क्रीन से दूरी बनाना बेहद जरूरी है। स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट आपके शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बाधित करती है, जिससे नींद खराब होती है। जब आप फोन का इस्तेमाल कम करेंगी, तो इससे नींद आएगी और चेहरे पर निखार आएगा।

इसके अलावा आप सोने से पहले पैरों के तलवों पर लहसुन का तेल लगाना न भूलें। नारियल तेल में लहसुन की 2 कुचली हुई कलियां मिलाकर हल्का गर्म करें और पैरों के तलवों पर लगाएं।इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। तंत्रिकाओं को आराम देता है और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करता है।

### लीवर की सेहत को बेहतर बनाने पिएं ये पेय, आसान है रेसिपी



लीवर शरीर का एक अहम हिस्सा है, जो हमारे खून को साफ करने और शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। हालांकि, खराब खान-पान और जीवनशैली के कारण लीवर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे यह कमजोर हो सकता है। ऐसे में लीवर को स्वस्थ रखने के लिए कुछ पेय का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। आइए आज हम आपको ऐसे पेय की रेसिपी बताते हैं, जो लीवर के लिए फायदेमंद हैं।

**ग्रीन टी :** ग्रीन टी में ऐसे तत्व होते हैं, जो लीवर की सेहत के लिए बहुत अच्छे होते हैं। यह न केवल लीवर को मजबूत बनाती है, बल्कि इसे साफ करने में भी मदद करती है। ग्रीन टी में एक खास तत्व होता है, जो लीवर की कोशिकाओं को सुरक्षित रखता है। इसे बनाने के लिए गर्म पानी में ग्रीन टी बैग डालें और 3-5 मिनट बाद इसे पीएं। इस तरह ग्रीन टी का सेवन आपको स्वस्थ रखने में मददगार है।

**पुदीने की चाय :** पुदीने की चाय न केवल ताजगी देती है, बल्कि इसमें मौजूद गुण लीवर को आराम पहुंचाते हैं। पुदीने की चाय पेट की गैस और सूजन को भी कम करती है। इसे बनाने के लिए पानी उबालें, उसमें पुदीने की पत्तियां डालें और 10 मिनट तक पकने दें। फिर इसे छानकर गर्मागर्म पिएं। पुदीने की चाय का नियमित सेवन आपको तरोताजा महसूस करवाता है।

**माचा टी :** माचा टी एक खास प्रकार की जापानी चाय है, जिसमें एक हरे रंग का तत्व होता है, जो लीवर को साफ करने में मदद करता है। इसमें कैफीन की मात्रा कम होती है, जिससे यह आपको ऊर्जा देती है बिना किसी नुकसान के। इसे बनाने के लिए गर्म पानी में माचा पाउडर डालें और अच्छे से मिलाएं। आप इसमें थोड़ा शहद भी मिला सकते हैं ताकि इसका स्वाद बेहतर हो जाए।

## हार्मोनल बदलाव, इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रियाएं और जीवनशैली मुख्य कारक

# महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा पुरुषों से अधिक, अतिरिक्त सावधानी बरतना जरूरी

पुरुषों की तुलना में महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा कहीं अधिक है। यह सिर्फ उम्र या कैल्शियम की कमी का मामला नहीं, बल्कि हार्मोनल बदलाव, इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रियाएं और जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं भी इसका खतरा बढ़ाने वाली हो सकती हैं। आर्थराइटिस-जोड़ों में दर्द की समस्या, सभी उम्र के लोगों में देखी जा रही है। कुछ दशकों पहले तक इसे बस उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतों के तौर पर जाना जाता था हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं।



### महिलाओं में आर्थराइटिस के मामले

अमेरिकन कॉलेज ऑफ रूमेटोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि एस्ट्रोजन हार्मोन हड्डियों और जोड़ों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। मेनोपॉज (आमतौर पर 50 की उम्र) के बाद एस्ट्रोजन का स्तर कम होने से महिलाओं में हड्डियों और जोड़ों की मजबूती भी कम हो जाती है, जिससे आर्थराइटिस का खतरा बढ़ जाता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एमआईएच) की रिपोर्ट के अनुसार, रुमेटाइड आर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून डिजीज है जो महिलाओं में पुरुषों से 2-3 गुना ज्यादा अधिक देखी जाती है।

इसके अलावा गर्भावस्था और प्रसव के दौरान वजन बढ़ना और पेल्विक हड्डियों पर दबाव, आगे चलकर घुटनों और कूल्हों में आर्थराइटिस की संभावना बढ़ा देता है।

### क्यों बढ़ता जा रहा है ये जोखिम?

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि 40 साल के बाद 60% महिलाओं में घुटनों के ऑस्टियोआर्थराइटिस के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। भारत में 70% महिलाएं विटामिन डी की कमी से जूझ रही हैं, जो जोड़ों की सेहत के लिए और भी दिक्कतें बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है।

हालांकि अच्छी बात ये है कि आप पहले से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर आर्थराइटिस के जोखिमों को कम कर सकती हैं।


शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ना और अनुचित खानपान आपमें गठिया का जोखिम बढ़ाने वाला हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि आप लाइफस्टाइल को ठीक रखें।

### किन महिलाओं को ज्यादा सावधान रहना चाहिए?

सभी महिलाओं को आर्थराइटिस हो ये जरूरी नहीं है हालांकि कुछ लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। मेनोपॉज के बाद की महिलाओं को अधिक सावधान रहना चाहिए। हार्मोनल बदलाव जोड़ों को कमजोर करते हैं, जिससे आपको अधिक खतरा हो सकता है। इसके अलावा गर्भवती या हाल ही में मां बनी महिलाएं, जिनके परिवार में पहले से किसी को आर्थराइटिस की दिक्कत रही हो, अधिक वजन या मोटापा की शिकार महिलाओं में भी खतरा अधिक होता है, इन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### आर्थराइटिस से बचे रहने के लिए क्या करें?

पौष्टिक आहार का सेवन जैसे कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर चीजें दूध, दही, पनीर, हरी सब्जियां खाना आपके लिए फायदेमंद है। ओमेगा-3 फैटी एसिड (मछली, अखरोट, अलसी के बीज) और एंटी-इंफ्लेमेटरी फूड्स (हल्दी, लहसुन, अदरक) को भी आहार में शामिल करें। नियमित व्यायाम करें: हल्की स्ट्रेचिंग और योग जैसे अभ्यास फायदेमंद हैं। वॉकिंग, साइकिलिंग और तैराकी से जोड़ों को लचीला बनाए रखा जा सकता है।



## सुबह की सैर में सावधानी भी बरतें

अगर आप सुबह की सैर पर जाती हैं तो आपको यह जानना जरूरी है कि मॉर्निंग वॉक का सही तरीका क्या है? गलत तरीके से मॉर्निंग वॉक करना आपको बीमार बना सकता है। सुबह की सैर को आमतौर पर सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। इससे शरीर को लाभ होता है, क्योंकि मॉर्निंग वॉक आपकी मांसपेशियों को मजबूत करता है, हड्डियों को स्वस्थ रखता है, वजन नियंत्रित करता है और दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है। लेकिन यदि मॉर्निंग वॉक सही ढंग से न किया जाए तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी बन सकता है। उदाहरण के लिए, सुबह सैर पर जाने से पहले कुछ लोग नींद पूरी नहीं करते। ऐसे में थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होता है। इससे सुबह की सैर के पूरे फायदे शरीर को नहीं मिल पाते। इसलिए सही तरीके से मॉर्निंग वॉक करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**भारी खाना नहीं :** सुबह की सैर पर निकलने से पहले ज्यादा भारी भोजन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है, क्योंकि इससे पाचन समस्याएं हो सकती हैं। सुबह के वक्त हल्का और पोषणयुक्त भोजन करना बेहतर रहता है, जैसे कि फल, दही, दलिया या सेवइयां आदि। इससे आपको ऊर्जा मिलती है और आप सैर के लिए तैयार होती हैं।

**पानी जरूर पीएं :** मॉर्निंग वॉक पर निकलने से पहले थोड़ा पानी पीना जरूरी है। शरीर में सैर के दौरान उचित हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए ऐसा करना चाहिए। सुबह के समय वॉक के पहले पानी पीने से शरीर की ऊर्जा का स्तर बढ़ता है और आप अधिक सक्रिय रहती हैं। इसलिए मॉर्निंग वॉक पर निकलने से पहले पानी पीना बेहतर होता है।

**सही फुटवियर का चयन :** मॉर्निंग वॉक के लिए सही फुटवियर का चयन बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए आप आरामदायक और फिटिंग वॉकिंग शूज को चुनें। यह सुनिश्चित करें कि आपके वॉकिंग शूज आरामदायक हैं और पैरों में ठीक तरह से फिट हो रहे हैं। सैर के दौरान अच्छी ग्रिप वाले शूज चुनें, जिससे आप फिसलने से बच सकें। इन सबके अलावा सही साइज भी जरूरी है। अपने पैरों के आकार के अनुसार सही साइज का फुटवियर चुनें, ताकि पैरों में किसी भी तरह की दिक्कत न हो।



### वार्मअप जरूरी

मॉर्निंग वॉक से पहले वार्म अप करना जरूरी है। वॉर्मअप करने से आपके शरीर की गर्मी बढ़ती है और मांसपेशियां वॉक के लिए तैयार होती हैं। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार यह जरूरी है कि आप वॉक से पहले 5-10 मिनट वॉर्मअप करें। यह आपके शरीर को तैयार करने और चोटों की आशंका को कम करने में मदद करता है। वॉक से पहले वॉर्मअप करना सुरक्षित और स्वस्थ सैर के लिए अच्छा माना जाता है।

### शुरू में ज्यादा तेज गति नहीं

फिजियोथेरेपिस्ट और फिटनेस एक्सपर्ट डॉ. अमित अग्रवाल कहते हैं, मॉर्निंग वॉक करने का भी एक सही तरीका होता है, जिस पर काफी लोग, खासकर महिलाएं ध्यान नहीं देती हैं। मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले थोड़ा पानी जरूर पीए। कुछ हल्का-फुल्का नाश्ता भी कर सकती हैं, जैसे कि ओट्स, केले या शकरगंद। शूज का चयन भी अपने पैरों के अनुसार करें, ताकि चलने में दिक्कत न हो। शुरू में चलते समय ज्यादा तेज गति में चलने से बचें। किसी दूसरे को देखकर मॉर्निंग वॉक न करें, बल्कि अपनी सुविधानुसार ही करें और मॉर्निंग वॉक के अंत में भी थोड़ा पानी जरूर पीएं।

## रेखाएं ही नहीं हथेली की बनावट भी बताती है भविष्य



प्रत्येक व्यक्ति की हथेली की बनावट और आकार अलग-अलग होते हैं। जिस प्रकार हथेली की रेखाओं और चिन्हों को देखकर व्यक्ति के भविष्य के बारे में जाना जाता है, ठीक उसी प्रकार हथेली के आकार को भी देखकर व्यक्ति के बारे में बहुत सारी बातें जानी जा सकती हैं। व्यक्ति कितना भाग्यशाली है, जीवन में कितनी तरक्की करेगा आदि बातें जानने के लिए उसके हथेली की बनावट और आकार को देखा जाता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार व्यक्ति के हथेली की बनावट और उसकी लंबाई-चौड़ाई को देखकर उसके बारे में काफी जानकारी ली जा सकती है।

### छोटी हथेली

जिन लोगों की हथेली छोटी होती है ऐसे लोग बहुत सुखी जीवन जीते हैं। ये साफ दिल वाले होते हैं। छोटी हथेली वाले लोगों को भक्ति और भजन आदि करना बेहद पसंद होता है। जानकारों की मानें तो छोटी हथेली के लोगों के पास जीवन के सभी सुख होते हैं। ये लोग स्वभाव से काफी जिज्ञासु माने जाते हैं। इन्हें नई-नई चीजें सीखना पसंद होता है।

### बड़ी हथेली

बड़ी हथेली वाले व्यक्ति समझदार और गंभीर होते हैं। ऐसे लोग अपना काम जिम्मेदारी से करते हैं। ऐसे लोग अपने परिश्रम से जीवन में अच्छी सफलता प्राप्त करते हैं। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी ऐसे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### कोमल हथेली

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेलियों पर ज्यादा मांस होते हैं और हथेली कोमल होती है ऐसे लोग भाग्यशाली माने जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि कोमल हथेली वाले लोगों को अधिक सुखों की प्राप्ति होती है।

### कठोर हथेली

कठोर हथेली वाले लोगों को जीवन में सुखों के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। हालांकि ऐसे लोग बेहद कर्मठ और ईमानदार होते हैं। ये लोग हर काम को समय से पूरा करने में यकीन रखते हैं।

## दाल से बनाएं ये स्वादिष्ट पकवान, बारिश के मौसम में खाकर आएगा मजा

बारिश का मौसम किसे पसंद नहीं होता। अब जब भीषण गर्मी के बाद बारिश का मौसम आ गया है, तो लोग इस मौसम का जमकर आनंद ले रहे हैं। लोग घूमने जा रहे हैं, स्वादिष्ट पकवान खा रहे हैं। बरसात का मौसम ऐसा होता है कि तरह-तरह की चीजें खाने का मन करता है, पर बाहर का खाना आपकी तबियत बिगाड़ सकता है। ऐसे में महिलाएं इस मौसम में घर पर ही हर पकवान बनाने की कोशिश करती हैं।

### मूंग दाल का डोसा

अगर आप चाहें तो अपने घरवालों के लिए मूंग डाल का डोसा बना सकती है। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है। ये काफी हेल्दी होता है। इसे आप हरे धनिए की चटनी के साथ परोसेंगी तो खाने का स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।

### मूंग दाल का ढोकला

अगर आपको ढोकला पसंद है तो आप मूंग दाल ढोकला बना सकती हैं। ये एक बेहद ही स्वादिष्ट और पौष्टिक ढोकला है जिसे साबुत मूंग, हर्ब्स और कुछ मसालों से बनाया जाता है।

### मेदू वड़ा

मेदू वड़ा के बारे में तो हर कोई जानता है कि ये साउथ की लोकप्रिय



और मशहूर डिश है। इसे आप सांभर, चटनी, दही समेत किसी भी चीज के साथ खा सकते हैं।

### दाल वड़ा

अगर आप चाहें तो चना दाल वड़ा को ट्राई कर सकती हैं। इसको सुबह या शाम के नाश्ते में परोसा जा सकता है।

### चना दाल के पकौड़े

ये पकौड़े खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं। इसे बनाना भी काफी आसान है। अगर आप चाहें तो अपने घर पर आसानी से बना सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## सेहत के लिए समय पर और ताजा खाना खाइए

# बिना सोचे-समझे खाने की आदत छोड़िए बीमार बना रहा यह चलन लोगों को

क्या बहुत ही तनावपूर्ण या व्यस्त दिन गुजरने के बाद आप का कुछ मीठा या जंक फूड खाने का दिल करता है? घबराइए मत, आप अकेली नहीं हैं। ऐसे लोगों की लिस्ट काफी लंबी है, जो ओवर ईटिंग कर रहे हैं। मनोविज्ञान की भाषा में इसे स्ट्रेस ईटिंग कहते हैं। कई लोग दुख और चिंता कम करने के लिए ओवर ईटिंग करते हैं, लेकिन यह उन्हें मोटापा, अपच, मेटाबॉलिज्म कमजोर करने जैसी कई बीमारियां दे सकती है। रुचि बताती हैं कि वह जॉब में नहीं हैं और चिंता कम करने के लिए खाली समय में कुछ न कुछ खाती रहती हैं। उनका मीठा या कुछ स्नैक्स खाने का मन करता है। कुछ लोग तनाव कम करने के लिए गाना सुनते हैं, वॉक पर जाते हैं या टीवी देखते हैं।



### स्ट्रेस ईटिंग के कारण

यह तो खाने के साथ तनाव का भावनात्मक संबंध हो गया, लेकिन इसका बायोलॉजिकल यानी जैविक संपर्क भी है। लंबे समय तक दिमाग में तनाव बने रहने से शरीर के अंदर कॉर्टिसोल नाम का हार्मोन अधिक तेजी से रिलीज होने लगता है, जो भूख को और बढ़ा देता है। मोटापे की शिकार महिलाओं में यह हार्मोन ज्यादा पाया जाता है। सबसे बड़ी बात है कि इस दौरान खाने पर नियंत्रण नहीं होता। आप क्या खा रही हैं, वह हेल्दी है या नहीं, इसकी कोई चिंता नहीं होती। बस खाने पर आप का जोर चलता है और आप किसी भी समय कुछ भी खा लेती हैं। कई बार पेट भर जाता है, लेकिन मन नहीं भरता। यह भी तनाव का लक्षण है, क्योंकि एक भूख आपके पेट से जुड़ी होती है और दूसरी आपकी भावनाओं से, जो कभी पूरी नहीं होती। ऐसे में आप मन को खुश और शांत रखने के लिए खाती जाती हैं। फिनलैंड में 5 हजार पुरुष और महिलाओं पर एक साथ अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि महिलाओं में स्ट्रेस ईटिंग ज्यादा होती है।

### बिगड़ जाता है भोजन तंत्र

दिल्ली स्थित मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान के मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश के मुताबिक, स्ट्रेस ईटिंग के पीछे कई मेडिकल वजहें भी होती हैं। तनाव में कई बार लोग ओवर ईटिंग करते हैं तो कई बार अंडर ईटिंग। दोनों ही सूरत में यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। भोजन का जो तंत्र है, वह कई हार्मोन पर निर्भर करता है। भूख और शरीर की ग्रंथियों का एक गहरा रिश्ता होता है। जब आप ज्यादा तनाव लेती हैं तो कई हार्मोन प्रभावित होने लगते हैं, जिससे आपके खाने का तंत्र पूरी तरह से बिगड़ जाता है और आप कब क्या खाती हैं, ज्यादा या कम, उसकी समझ नहीं होती।



### उपाय भी जान लें


कुछ भी खाने से पहले सोचें कि आप क्यों और क्या खा रही हैं। क्या आपको सच में भूख है या बस मन को ठीक करने के लिए खा रही हैं। जो आप खा रही हैं, उससे आपके शरीर को कुछ फायदा मिलेगा या नहीं, या बस ऐसे ही खा रही हैं। दिन भर में जब भी खाएं तो उसे डायरी में लिख लें। इससे आपको पता चलेगा कि आपने कब और क्या खाया। डायरी में खाने का चार्ट रखें। हेल्दी और अनहेल्दी खाने की सूची बनाएं। बाजार जाएं तो हेल्दी चीजें, जैसे कि फल-सब्जी, ड्राई फ्रूट्स, नेचुरल फूड्स आदि ही खरीदें। इसके अलावा तनाव कम करने के लिए आप कई अन्य विकल्प भी चुन सकती हैं। मेडिटेशन, एक्सरसाइज, योगासन कर सकती हैं। सुबह-शाम थोड़ा समय इनमें देने से आपका तनाव कम होगा और मन भी खाने से दूर रहेगा। आपकी पाचन क्रिया अच्छी होगी और हार्मोन का

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'छोटे कद का 30 साल का आदमी था स्टंट डबल' 'होम अलोन' को लेकर मैकाले कल्किन ने किया

अभिनेता मैकाले कल्किन ने लंबे समय से चली आ रही उस अफवाह के बारे में बताया कि 'होम अलोन' में उनका स्टंट मैन बहुत छोटा था। 30 साल के लैरी निकोलस ने उनके स्टंट करते हुए बॉडी डबल का रोल किया था। कल्किन 'हॉट वन्स' शो में होस्ट सीन इवांस के साथ बातचीत कर रहे थे। होस्ट ने उनसे पारिवारिक फिल्म 'होम अलोन' के बारे में जानने के लिए उनसे सवाल किए। जिसका उन्होंने जवाब दिया। शो के होस्ट इवांस ने पूछा 'क्या यह सच है कि आपका स्टंट डबल बहुत ही छोटी हाइट का 30 साल का आदमी था?' इस पर मैकाले कल्किन ने कहा 'हां उसका नाम लैरी था और मैंने उसे पहली बार कपड़ों के अपार्टमेंट में देखा था। मैंने कपड़े बदले और बाहर निकला, तो वहां एक लड़का था लैरी, जिसने बिल्कुल मेरी तरह कपड़े पहने थे। मैंने उनसे कहा ओह लैरी कैसे हो? इस पर उसने जवाब दिया मैं अच्छा हूं। मैं लैरी हूं स्टंटमैन। उसने मेरी तरफ देखा और कहा तुम्हें क्या लगता है मेरी उम्र कितनी है? मैंने कहा- यह तो बहुत ही अजीब सवाल है। मैं नौ साल का था। तो मैंने सोचा वह 13 के होंगे'। मैं जब कहा कि क्या आपकी उम्र 13 है तो वह हंस पड़े।' अभिनेता ने सेट पर अपने और लैरी के साथ बिताए समय के बारे में बताया। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा एक बार शेल्फ के टूट जाने से लैरी गिर गए थे। उन्होंने बताया कि 'पहला टेक बहुत ही खतरनाक था। उन्होंने इसे दोबारा किया। फिर एक और टेक आया। इसमें धमाका हुआ। उन्हें कुछ चीजें समझ में नहीं आईं और उन्होंने इसे फिर से किया।



## टॉलीवुड

### तमन्ना का खुलासा, बोल्ड और इंटिमेट सीन की शूटिंग के पीछे के बताए राज

साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं तमन्ना भाटिया ने पहले अपनी किसी भी फिल्म में लिप-लॉक सीन नहीं करती थीं। लेकिन फिल्म ₹लस्ट स्टोरीज₹ में उन्होंने इस नियम को तोड़ा और कई बोल्ड सीन देकर चर्चा में आईं। हाल ही में फिल्मों में अपने इंटिमेट सीन को लेकर तमन्ना ने खुलकर बातचीत की। खबर के अनुसार, तमन्ना ने बताया कि पहले वह फिल्मों में बोल्ड और इंटिमेट सीन करने से बचती थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे वह खुद को सीमित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बोल्ड सीन पूरी तरह से बनावटी होते हैं और हर सीन को बहुत सावधानी से कोरियोग्राफ किया जाता है। सेट पर एक इंटिमेसी कोच मौजूद रहता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सब कुछ ठीक हो। पुरुष सह-कलाकारों को विशेष निर्देश दिए जाते हैं कि वे कुछ खास जगहों को न छुएं। तमन्ना ने यह भी कहा कि ऐसे सीन को बहुत सटीकता से फिल्माया जाता है, जैसे कोई डांस कोरियोग्राफी हो। सेट पर मौजूद हर व्यक्ति नियमों का पालन करता है और हर कदम को पहले से तय किया जाता है।



तमन्ना भाटिया ने मुख्य रूप से तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2005 में हिंदी फिल्म ₹चांद सा रोशन चेहरा₹ से अभिनय की शुरुआत की। तमन्ना जल्द ही एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ हॉरर फिल्म ₹वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट₹ में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज हो सकती है।

## भोजपुरी

### 'शादी एक सौदा' फिल्म तंज है दहेज की सच्चाई पर, समाज की दर्दभरी कहानी आज भी वही



भोजपुरी फिल्म 'शादी एक सौदा' का ट्रेलर दहेज की समस्या पर आधारित है, जो समाज को सोचने पर मजबूर करता है। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक पिता दहेज के लिए संघर्ष करता है और कैसे यह प्रथा जिंदगियों को बर्बाद कर देती है। भोजपुरी सिनेमा की आने वाली फिल्म 'शादी एक सौदा' का ट्रेलर हाल ही में यू-ट्यूब पर रिलीज हुआ। ये लोगों को सोचने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक पिता अपनी बेटी की शादी के लिए दहेज जुटाने की कोशिश करता है। शादी जैसे पवित्र रिश्ते को जब पैसों और लेन-देन का सौदा बना दिया जाता है, तब कई जिंदगियों की खुशियां बर्बाद हो जाती हैं। इस ट्रेलर में साफ देखा जा सकता है कि समाज में आज भी दहेज एक बड़ी समस्या है। फिल्म की कहानी एक आम परिवार पर आधारित है जो अपनी बेटी की शादी अच्छे घर में करना चाहता है, लेकिन दहेज की मांगें उन्हें तोड़ देती हैं। ट्रेलर में कई ऐसे डायलॉग हैं जो सीधे दिल को छूते हैं। फिल्म में रिचा दीक्षित, अनारा गुप्ता और मनु कृष्णा जैसे कलाकार हैं, जिनका अभिनय ट्रेलर में काफी दमदार नजर आता है। कहानी, बैकग्राउंड म्यूजिक और लोकेशन सब मिलकर इसे एक इमोशनल और सोचने लायक फिल्म बनाते हैं। कुल मिलाकर, 'शादी का सौदा' एक गंभीर सामाजिक मुद्दे को उठाती है। ट्रेलर देखकर लग रहा है कि यह फिल्म लोगों को दहेज के खिलाफ सोचने पर मजबूर करेगी और समाज को एक जरूरी संदेश देगी। ट्रेलर आते ही इसे लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। अब तो बस फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

## अमेरिकी डिजाइन की एक अलग पहचान

लाइफ स्टाइल




पेरिस फैशन वीक से लेकर दुनिया भर के आउटलेट और शोरूम तक पारंपरिक मूल अमेरिकी डिजाइन की एक अलग पहचान है। जिसमें सिलाई, बुने हुए पैटर्न, मनके, झालर और पंखों का उपयोग प्रमुखता से होता है। हालांकि इसे पुरातन डिजाइन कहना ज्यादा सही होगा लेकिन नई पीढ़ी इसे खूब अपना रही है।

# आउटफिट के साथ खूबसूरत लगेंगे ये हेयरस्टाइल, आप भी करें ट्राई

किसी भी त्यौहार को बेहतर ढंग से मनाने या किसी पार्टी का हिस्सा बनने से पहले आपको भी तो सुंदर दिखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब तक आप खूबसूरत नहीं दिखेंगी तो लोगों की नजरें आप पर नहीं टिकेंगी। इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ अच्छा हेयर स्टाइल बनाने की जरूरत है। ये आपके लुक को कंप्लीट करेगा साथ ही खूबसूरत दिखाएगा।

**स्लीक हेयर स्टाइल :** अगर आप अपने लुक को क्लासी रखना चाहती हैं तो इसके लिए आप स्लीक हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके का लुक काफी सिंपल होता है लेकिन लगता अच्छा है। इसे आप सूट, साड़ी और वेस्टर्न वियर के साथ बना सकती हैं। आपको इसे बनाने के लिए पहले अपने बालों को स्ट्रेटनिंग मशीन से सीधा करना होगा। इसके बाद आगे के बालों को पिन की मदद से कान के पीछे सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसमें कोई एक्सेसरीज भी एड कर सकती हैं वरना बिना इसके भी सिंपल इसे रख सकती हैं। इस तरीके का हेयर स्टाइल बनाने में आपको समय भी कम लगेगा और आप खूबसूरत भी लगेंगी।

**ट्विस्टेड ब्रेड बन हेयर स्टाइल :** कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें बालों को खुला रखना पसंद नहीं होता है ऐसे में आप साइड ब्रेड के साथ बन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (क्लासी लुक के लिए 3 इजी हेयर स्टाइल) लंबे बालों में काफी अच्छे लगते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को कॉम्ब करें। फिर दो हिस्सों में इन्हें बांटे। अब दोनों साइड ब्रेड बनाएं और पिन की मदद से पीछे बालों में सेट करें। अब बचे हुए बालों में जुड़ा बनाएं। इसके बाद बॉबी पिन से उसे सेट करें। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ बना सकती हैं।



### कर्ल विद पोनीटेल हेयर स्टाइल

अगर आप इस बार कुछ सिंपल ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए साड़ी के साथ कर्ल विद पोनीटेल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। ये सिंपल होता है लेकिन आजकल काफी ट्रेंड में है। इसे लड़कियां इंडियन के साथ-साथ वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी बनाना पसंद करती हैं। इसे बनाने के लिए पहले सारे बालों को कर्ल करें। इसके बाद उन्हें इकट्ठा करके पोनीटेल बना लें। आगे के बाल लट के लिए थोड़े से निकाल लें। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा।

# स्टाइलिश और कम्फर्टेबल दिखने के लिए पहनें फैंसी जींस




हर एक व्यक्ति का आउटफिट स्टाइल करने का तरीका अलग होता है। किसी को फिटिंग कपड़े पहनना पसंद होता है तो किसी को लूज कपड़े ज्यादा कम्फर्टेबल लगते हैं। लेकिन कई बार हम फैशन ट्रेंड को फॉलो करने के चक्कर में ये भूल जाते हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए हमें कौन सा आउटफिट पहनना चाहिए। ऐसे में आपको जरूरत है अच्छी जींस की। जिसे स्टाइल करके आप स्टाइलिश के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी रह सके। इसके लिए कई सारे ट्रेंडी ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिन्हें स्टाइल करना भी आसान है और वो दिखने में भी काफी अच्छी लगेंगी।

**कार्गो जींस को करें स्टाइल :** हर बार एक जैसी जींस को पहनते-पहनते आप भी बोर हो गई होगी। ऐसे में आप चाहे तो पुराने ट्रेंड को चेंज करके कुछ नया लुक क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो कार्गो जींस को वियर कर सकती हैं। इस तरीके की जींस दिखने नें काफी स्टाइलिश होती है साथ ही कम्फर्टेबल भी रहती हैं। इसमें आपको कई सारे कलर ऑप्शन मिल जाते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसके साथ आप क्रॉप टॉप, लूज टी-शर्ट या फिर शॉर्ट कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इस तरीके की जींस डिजाइन आपको मार्केट में 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएगी।

**हाई वेस्ट जींस करें स्टाइल :** जींस में आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इनमें से एक है हाई वेस्ट जींस (हाई वेस्ट जींस स्टाइल)। इसे भी आप अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए पहन सकती हैं। इसकी खास बात ये होती है कि ये पहनने में काफी कंफर्टेबल होती है। इसे आप क्रॉप टॉप के साथ स्टाइल कर सकती हैं। अगर आपको शर्ट पहनना पसंद करती हैं तो इसके साथ भी इस तरीके की जींस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें डार्क ब्लू कलर जींस, ब्लैक कलर जींस और लाइट कलर जींस ले सकती हैं। आप इन्हें 500 से 800 की रेंज में मार्केट से खरीद सकती हैं।

**रेगुलर जींस को करें स्टाइल :** अगर आपको किसी भी तरह के जींस के ऑप्शन समझ नहीं आ रहे हैं तो ऐसे में आप रेगुलर जींस (फ्लेयर्ड जींस स्टाइल टिप्स) के ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की जींस को स्टाइल करना काफी आसान है। इनकी खास बात ये है कि इसे आप ऑफिस, पार्टी और रेगुलर वियर में पहन सकती हैं। इस तरीके की जींस में आपको अलग-अलग तरीके के ऑप्शन भी मिल जाएंगे। साथ ही इन्हें किसी भी टॉप या फिर कुर्ती के साथ स्टाइल किया जा सकता है। इस तरीके की जींस के ऑप्शन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जींस के ऐसे और भी ऑप्शन आपको मिलेंगे। जिन्हें आप अपने हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं और खूबसूरत लग सकती हैं।

# अपने लुक को खास बनाने के लिए इस तरह से करें व्हाइट कुर्ती को स्टाइल

व्हाइट कलर की कुर्ती को स्टाइल करने के लिए आपको सबसे पहले अपनी बॉडी टाइप को समझना जरूरी होता है और इसे स्टाइल करने के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए।

खास मौके पर व्हाइट कुर्ती के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस आप अलग-अलग स्टाइल कर सकती हैं और अपने सिंपल से लुक को और भी ज्यादा आकर्षक बना सकती हैं।

**स्लिट कट कुर्ती :** कुर्ती के लिए इंडो-वेस्टर्न डिजाइन ढूंढ रही हैं तो इस तरह का स्टाइलिश स्लिट कट कुर्ती डिजाइन आपके लुक को खास बनाने में मदद कर सकता है। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में लगभग 300 रुपये से लेकर 500 रुपये के बीच आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की कुर्ती के साथ आप रिप्ड जीन्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही ट्राइकलर के इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।



### पेप्लम कुर्ती

आजकल पेप्लम कुर्ती का चलन काफी बढ़ गया है। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 700 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की कुर्ती को आप अपनी लेंथ के हिसाब से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं। इस कुर्ती को आप वेस्टर्न लुक देने के लिए जीन्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इसके साथ आपको मैचिंग डिजाइन वाला शरारा भी आसानी से मिल जाएगा।


### प्लेन कुर्ती सेट

प्लेन कुर्ती सेट आजकल काफी चलन में नजर आ रहा है। इसमें आप कुर्ती के लिए स्लीवलेस डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरह का प्लेन लुक आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 1200 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप ट्राइकलर दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बालों के लिए ओपन वेवी हेयर स्टाइल को चुनें। साथ ही सिल्वर ज्वेलरी को कैरी कर लुक को आकर्षक बना सकती हैं।

# ट्राई करें ये आई मेकअप लुक, दिखेंगी खूबसूरत

हर शादीशुदा महिला के लिए पार्टी या त्यौहार पर जाने से पहले मेकअप पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में खूबसूरत दिखने के लिए आप अपने आउटफिट के साथ आई मेकअप लुक ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप अलग-अलग तरीके के आई मेकअप कर सकती हैं। इससे आप त्योहार के दिन बेहद खूबसूरत लगेंगी। आप भी यहां बताए गए मेकअप लुक को ट्राई कर सकती हैं। साड़ी हो या फिर सूट हर किसी के साथ ये काफी अच्छे लगेंगे।

**गोल्डन स्मोकी आई मेकअप लुक :** अगर आप डार्क शेड वाली साड़ी या फिर सूट वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप गोल्डन स्मोकी आई मेकअप लुक ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के लुक के लिए सबसे पहले आपको अपनी आंखों पर कंसीलर लगाना है। फिर इसपर लाइट पिंक कलर लगाना है। इसके बाद इसे अपनी आंखों पर स्मज करें। इसपर गोल्डन कलर लगाएं फिर इसमें थोड़ा सा ब्लैक कलर एड करें। फिर इसे अच्छा स्मज करें।



अब आंखों पर लाइनर लगाएं और आईलैशेज लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें। इस तरीके से आपका हरियाली तीज लुक क्रिएट हो जाएगा।

**न्यूड आई मेकअप लुक :** इस हरियाली तीज पर अगर आप सिंपल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए न्यूड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। इस लुक को क्रिएट करने के लिए आपको सबसे पहले आंखों पर कंसीलर लगाना है। फिर इसपर कोई भी न्यूट्रल शेड लगाना है और अच्छे से स्मज करना है। इसके बाद इसमें आप शिमर को भी लगा सकती हैं वरना इसे ऐसे ही सिंपल छोड़ सकती हैं। अब इसमें लाइनर लगाएं और इस लुक को कंप्लीट करें।

**रेड आई मेकअप लुक :** अगर आप आंखों को बोल्ड और हाईलाइट करना चाहती हैं तो इसके लिए आप रेड आई मेकअप लुक (समर के लिए बेस्ट आई मेकअप लुक) क्रिएट कर सकती हैं। जिसके लिए पहले आपको आंखों पर कंसीलर लगाकर उसे सेट करना है। फिर इसपर रेड कलर को लगाना है और अच्छे से स्मज करना है। इसके बाद इसमें रेड शिमर लगाना है। अब लाइनर लगाएं और मस्कारा लगाकर लुक को कंप्लीट करें।

## कार्नर न्यूज

### फैशन प्रोडक्ट खरीदने कोई समझौता नहीं

आजकल फैशन और मेकअप के मामले हर महिला आगे रहना चाहती है। इसके लिए वो हर तरह के मेकअप प्रोडक्ट भी इस्तेमाल करती है। बाजार में भी तरह-तरह के मेकअप प्रोडक्ट मिलते हैं लेकिन जरूरी नहीं हर प्रोडक्ट आपके लिए ही बना हो। इसलिए जरूरी है कि जब भी मेकअप के सामान आप खरीदें तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। तो चलिए जानें क्या हैं वो जरूरी बातें जिनका हर मेकअप लवर लड़की को ध्यान रखना चाहिए।

# कॉस्मेटिक्स खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान नहीं तो पड़ सकता है पछताना




### अपनी त्वचा का प्रकार जानें

सबकी स्किन अलग-अलग प्रकार की होती है। अलग-अलग त्वचा की जरूरतें भी अलग होती हैं। आमतौर पर नॉर्मल, ड्राय, ऑयली और मिली-जुली इस तरह के स्किन टाइप्स होते हैं। कॉस्मेटिक्स खरीदने से पहले कुछ समय निकालें और अपनी त्वचा का प्रकार पता लगाएं। इससे आपकी खरीदारी आसान हो जाएगी। जैसे अगर आप फाउंडेशन खरीदने जा रही हैं और आपकी स्किन टाइप ऑयली है तो आपको ऐसा फाउंडेशन खरीदना होगा, जो आपकी त्वचा पर बहुत ज्यादा भारी न हो।

### आपको होनी चाहिए स्किन टोन की जानकारी

स्किन टाइप की तरह ही स्किन टोन की सही जानकारी भी बेहद जरूरी है। तीन मुख्य प्रकार के स्किन टोन्स होते हैं कूल, वॉर्म और न्यूट्रल। अपना स्किन टोन पता करने के लिए अपनी कलाई की नसों पर ध्यान दें। अगर आपकी नसें ब्लू हों तो स्किन टोन कूल है। अगर वे ग्रीन हों तो स्किन टोन वॉर्म है। अगर आपको समझ न आ रहा हो कि वे ब्लू हैं या ग्रीन तो आपकी स्किन टोन न्यूट्रल है।



### इन्ग्रीडिएंट्स चेक करें

जिस तरह खाने-पीने की चीजें खरीदने से पहले आप इन्ग्रीडिएंट्स देखें। उसी तरह मेकअप प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले इन्ग्रीडिएंट्स पर नजर डालने की आदत डालें। हो सकता है इसमें कोई ऐसी चीज हो, जो आपकी त्वचा को सूट न करती हो या आपको किसी इनग्रीडिएंट से एलर्जी हो। अगर आप इन्ग्रीडिएंट्स की सूची पढ़ने की आदत डालेंगी तो इस तरह की समस्या से बच सकेंगी।